# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 12 जुलाई 2026

संवत 2083, अषाढ़ कृष्ण पक्ष 13 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 298, पृष्ट-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ दुनिया का इकलौता देश, जहां होती है होती है सांपों की खेती!

विजय की जन नायकन सेंसर बोर्ड से ◂◂ 6


# निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरा,मलबे में दबने से मां-बेटे की मौत



**संवाददाता**

**गिरीडीह :** जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र के सलैया गांव में निर्माणाधीन मकान का छज्जा अचानक भरभराकर गिरने से एक मां और उसके पुत्र की मलबे में दब कर मौके पर ही मौत हो गई। घटना में निर्माण कार्य कर रहा राजमिस्त्री भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान सुनीता देवी और उनके पुत्र राजकुमार यादव के रूप में हुई है। पुलिस और ग्रामीणों के अनुसार दोनों मां-बेटे निर्माण कार्य के दौरान छज्जे के पास खड़े होकर राजमिस्त्री प्रदीप यादव को निर्देश दे रहे थे। जैसे ही प्रदीप छज्जे पर चढ़ा, छज्जा टूटकर नीचे गिर पड़ा और मलबा सुनीता व उसके पुत्र पर आ गिरा।

आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत दोनों को मलबे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। प्रदीप यादव को हाथ-पैर व शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। उनका इलाज स्थानीय स्वास्थ्य संस्थान में चल रहा है।

## गर्भवती की मौत पर बवाल, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



**सरायकेला :** सरायकेला सदर अस्पताल में एक प्रसूता की मौत के बाद आज रविवार सुबह अस्पताल परिसर में परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं अस्पताल प्रशासन का कहना है कि महिला पहले से ही गंभीर एनीमिया से पीड़ित थी और उसकी हालत अस्पताल पहुंचने के समय ही काफी नाजुक थी।

जानकारी के अनुसार कांदागोड़ा गांव निवासी गुरा पूर्ती अपनी पत्नी शुरू पूर्ती को शनिवार रात करीब 8 बजे प्रसव पीड़ा होने पर सरायकेला सदर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों का कहना है कि भर्ती करते समय महिला की स्थिति सामान्य थी। उन्हें उम्मीद थी कि सुरक्षित प्रसव हो जाएगा। आरोप है कि रातभर मरीज की समुचित चिकित्सकीय निगरानी नहीं की गई और समय पर आवश्यक उपचार नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई।

प्रसूता महिला के पति गुरा पूर्ती ने बताया कि उन्होंने कई बार अस्पताल कर्मियों और चिकित्सकों से सहायता की गुहार लगाई, लेकिन उनकी बात पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। उनका आरोप है कि यदि समय पर इलाज मिलता तो उनकी पत्नी की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर के व्यवहार पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि सुबह जब वे जानकारी लेने पहुंचे तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया, जिससे कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। अस्पताल में लोगों की भीड़ जुट गई और माहौल काफी देर तक तनावपूर्ण रहा।



## हाईवा की चपेट में आने से युवक की मौत मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम

**हजारीबागः** जिला स्थित बड़कागांव के 13 माइल से जुगरा जाने वाली ट्रांसपोटिंग सड़क पर कोयला लोड हाईवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान चेपाकला गांव निवासी नरेश कुमार महतो के रूप में हुई है। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल नरेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने 13 माइल के पास सड़क जाम कर दी, जिससे कोयला वाहनों सहित अन्य गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीण मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और दोषी वाहन चालक पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से वार्ता शुरू की। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी था।

## ओमान तट पर जहाज जीएफएस गैलेक्सी पर हमला, 10 भारतीयों को बचाया गया, एक लापता, विदेश मंत्रालय ने की निंदा



**नई दिल्लीः** भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को ओमान के तट के पास वाणिज्यिक पोत जीएफएस गैलेक्सी पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए आधिकारिक बयान जारी किया। बताया कि 10 भारतीयों को बचा लिया गया है जबकि एक की तलाश जारी है। भारतीय दूतावास भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार, जहाज को आईआरजीसी के हमले की वजह से नुकसान पहुंचा।

एमईए ने कहा, जहाज पर सवार 11 भारतीय नागरिकों में से अब तक 10 को बचा लिया गया है, जबकि 1 भारतीय नागरिक के लापता होने की सूचना है। मंत्रालय ने हमलों को शांति व्यवस्था के लिए खतरनाक बताया। इसमें आगे कहा गया, क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। भारत तनाव कम करने के लिए संवाद कायम करने के रुख पर कायम है। इसके साथ ही हम चाहते हैं कि जो राजनयिक कोशिशें और वार्ता जारी हैं उन्हें तार्किक और शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जाए ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता वापस लाई जा सके।

एमईए ने कहा कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप क्षेत्र के समुद्री मार्गों पर स्वतंत्र और निर्बाध नौवहन तथा व्यापार को जल्द से जल्द बहाल किया जाना चाहिए। बयान में एमईए ने बचाव और राहत कार्य को लेकर ओमान का भी शुक्रिया अदा किया। कहा, ओमान में हमारा दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और चल रहे सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में ओमानी अधिकारियों के साथ लगातार कोऑर्डिनेट कर रहा है। हम ओमानी अधिकारियों को उनकी मदद के लिए धन्यवाद देते हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के अनुसार, साइप्रस के झंडे वाले जीएफएस गैलेक्सी पर होर्मुज में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने हमला किया। सेंटकॉम ने बताया कि जहाज का एक सदस्य लापता है। जहाज में आग लगने और इंजन कक्ष को भारी नुकसान पहुंचने के कारण वह अपनी आगे की यात्रा जारी नहीं रख सका।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**मेट्रोरेज संवाददाता.**

**मेदिनीनगरः** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी गांव में शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव निवासी 30 वर्षीय साहिल कुमार की मौत हो गई। बताया जाता है कि साहिल किसी काम से लेस्लीगंज गया था और देर रात बाइक से घर लौटने के दौरान अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल साहिल को राहगीरों की मदद से मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है। वहीं, लेस्लीगंज थाना पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश और मामले की जांच में जुट गई है।






# मुंबई के ताज पैलेस होटल को बम से उड़ाने की धमकी

## दाऊद इब्राहिम ने ताज होटल में बम रखा है,, आधी रात आये एक फोन कॉल ने उड़ाई सुरक्षा एजेंसियों की नींद

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में रविवार अल सुबह एक अनजान फोन कॉल ने पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के होश उड़ा दिए। फोन करने वाले शख्स ने दावा किया कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम ने मुंबई के प्रतिष्ठित ताज होटल में बम लगाया है। इस खौफनाक सूचना के मिलते ही पूरा पुलिस महकमा अलर्ट मोड पर आ गया और आनन-फानन में होटल की घेराबंदी कर दी गई। हालांकि, कड़ी मशक्कत और सघन तलाशी अभियान के बाद यह कॉल महज एक अफवाह साबित हुई, जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

**आधी रात को कंट्रोल रूम में बजी घंटीः** रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह खौफनाक कॉल नवी मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में देर रात करीब 12 बजकर 13 मिनट पर आई थी। कॉलर ने दावा किया कि दाऊद इब्राहिम ने ताज होटल को बम से उड़ाने की साजिश रची है और वहां विस्फोटक लगा दिया गया है। 26/11 के आतंकी हमले का दंश झेल चुके इस शहर में ऐसी सूचना मिलते ही पुलिस फौरन हरकत में आ गई। बिना एक पल की देरी किए कोलाबा पुलिस, क्राइम ब्रांच और बॉम्ब निरोधक दस्ते (बॉम्ब स्क्वाड) की कई टीमों को कोलाबा स्थित ताज होटल के लिए रवाना कर दिया गया।



**चप्पे-चप्पे की हुई सघन जांच, कॉल निकली फर्जीः** होटल पहुंचते ही सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। बॉम्ब स्क्वाड और पुलिस की टीमों ने होटल के चप्पे-चप्पे और लगभग हर संदिग्ध इलाके की बारीकी से जांच की। कई स्तरों पर चलाए गए इस गहन जांच अभियान के बावजूद पुलिस को होटल परिसर से कोई भी विस्फोटक सामग्री या किसी संदिग्ध गतिविधि का सुराग नहीं मिला। पूरी तरह आश्वस्त होने के बाद पुलिस ने इस बम की धमकी को फर्जी घोषित कर दिया।

**तुर्भे इलाके से किया गया था फोन, आरोपी की तलाश तेजः** धमकी को फर्जी करार देने के बाद पुलिस ने उस नंबर को ट्रेस करना शुरू किया जिससे यह खौफनाक कॉल की गई थी। तकनीकी जांच में पता चला है कि यह फर्जी कॉल मुंबई के तुर्भे इलाके से की गई थी। पुलिस ने नंबर की पहचान कर ली है और आरोपी को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम को तुर्भे भेज दिया गया है। हालांकि, इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होगा।

**26/11 हमले के बाद से अभेद्य है ताज की सुरक्षाः** आपको बता दें कि टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाला ताज होटल दुनिया के सबसे मशहूर और सुरक्षित होटलों में शुमार है। 26/11 के आतंकी हमले के दौरान पाकिस्तानी आतंकवादियों ने इस होटल को अपना निशाना बनाया था और कई मासूम लोगों की जान ले ली थी। इस दर्दनाक घटना के बाद से होटल की सुरक्षा व्यवस्था को लगातार कड़ा किया गया है और वर्तमान में यह मुंबई के सबसे सुरक्षित इलाकों में से एक है। यही वजह है कि यहां से जुड़ी किसी भी धमकी को सुरक्षा एजेंसियां बेहद गंभीरता से लेती हैं।

## समाचार सार




### भाजपा की संगठनात्मक बैठक संपन्न, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

**खूंटी:** भारतीय जनता पार्टी खूंटी जिला कार्यालय में शनिवार को जिला अध्यक्ष आनंद कुमार की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान और बूथ स्तर पर संगठन को और सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी सुनीता सिंह उपस्थित रहीं। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो शामिल हुए।

बैठक की शुरूआत भाजपा के प्रेरणास्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संदीप आनंद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहयोगी महामंत्री निखिल कंडुलना ने किया। बैठक के दौरान हाल ही में आयोजित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी दिनों में संगठन को मजबूत करने, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और मंडल स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए रणनीति तय की गई।


इस अवसर पर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान पर भी विशेष चर्चा हुई। पार्टी पदाधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने तथा यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो और कोई भी वैध मतदाता छूटने न पाए। बैठक में जिला मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के संयोजक मनोज कुमार, जिला उपाध्यक्ष गनदौरी गुड़िया एवं संतोष त्रिपाठी, जिला महामंत्री निखिल कंडुलना और रूपेश जायसवाल, जिला मंत्री कंचन कुमार सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रूकमिला सारू, तोरपा मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार, मुरहू मंडल अध्यक्ष विजय कुमार राम, साइको मंडल अध्यक्ष अमर मुंडू, मारंगहादा मंडल अध्यक्ष मुचीराय मुंडा, लोधमा मंडल अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिंह तथा मंडल प्रभारी उर्मिला देवी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बीआरसी कार्यालय बलबल में चोरी



**चतरा:** जिले के गिद्धौर प्रखंड के बलबल स्थित बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) कार्यालय में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर कार्यालय से लैपटॉप, सीसीटीवी कैमरे, जेरॉक्स मशीन तथा कई महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह कार्यालय खुलने के बाद कर्मियों को हुई। इसके बाद तत्काल गिद्धौर थाना पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। चोरी की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू की। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही चोरी में शामिल अपराधियों की पहचान में जुटी है। शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) नीरज कुमार सिंह ने बताया कि कार्यालय से विभागीय कार्यों में प्रयुक्त लैपटॉप, सीसीटीवी कैमरे, जेरॉक्स मशीन के अलावा कई आवश्यक सरकारी अभिलेख चोरी हो गए हैं। चोरी गए सामानों का आकलन किया जा रहा है। मामले को लेकर गिद्धौर थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।स्थानीय लोगों के अनुसार बलबल स्थित बीआरसी कार्यालय मुख्य आबादी से कुछ दूरी पर एकांत स्थान पर स्थित है। शाम होते ही आसपास का इलाका पूरी तरह सुनसान हो जाता है।आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने इसी स्थिति का फायदा उठाकर रात के अंधेरे में वारदात को अंजाम दिया।घटना के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मियों में चिंता का माहौल है। चोरी से विभागीय कार्य प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि फोरेंसिक जांच रिपोर्ट और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही चोरी का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।वहीं, स्थानीय लोगों ने बीआरसी कार्यालय सहित अन्य सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

### बड़गांव के अंकित चौबे ने सेंट्रल सिविल जूनियर इंजीनियर में 128वां रैंक लाकर टंडवा का नाम किया रौशन



**चतरा:** जिले के टंडवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बड़गांव निवासी डॉ. श्याम सुन्दर चौबे के सुपुत्र अंकित श्याम चौबे ने सेंट्रल गवर्मेंट सिविल जूनियर इंजीनियर- एमईएस में सफलता प्राप्त कर टंडवा प्रखंड सहित पूरे जिले में अपने परिवार का नाम रोशन किया है।अंकित ने पूरे देश में 128वां ऑल इंडिया रैंक प्राप्त किया है।उल्लेखनीय है कि अंकित चौबे ने नमन विद्यालय हजारीबाग से दसवीं, ऊअश हजारीबाग से 12वी और डॉ बी सी रॉय इंजीनियरिंग कॉलेज दुगार्पुर से बीटेक करने के बाद फिलहाल दिल्ली में तैयारी कर रहे थे। अंकित तीन साल से एक बार भी घर नहीं आए उन्होंने मन में दृढ़ संकल्पित होकर ठान लिया था कि अब सफलता हासिल कर के ही जाना है।

अंकित की यह सफलता तैयारी कर रहे हर युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। मेहनत कभी बेकार नहीं जाता, अपनी लगन और मेहनत से हर मुकाम को हासिल किया जा सकता है।अंकित की इस उपलब्धि पर चतरा सांसद काली चरण सिंह, विधायक उज्ज्वल दास, पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अक्षयवट पांडेय, टंडवा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय सीसीएल सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास समेत टंडवा प्रखंड के अनेक प्रबुद्ध जनों ने बधाई एवं शुभकामना दी है।

# सीआरपीएफ जवान की मौत के बाद 60 घंटे तक जाम रहा सड़क,10 लाख मुआवजा देने पर बनी सहमति





**संवाददाता**

- धरने पर बैठे चतरा सांसद, विधायक और झामुमो नेता
- प्रखंड प्रशासन और पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियो के साथ देर रात तक हुई बैठक
- हजारीबाग से चलने वाले कोल वाहन परिचालन हमेशा के लिए बंद करने की मांग
- एसडीओ ने कहा, उपायुक्त की अध्यक्षता में आज होगी सर्वदलीय बैठक

**चतरा:** जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के देलहो घाटी में गुरुवार को कोल वाहन की चपेट में आने से सीआरपीएफ जवान लक्ष्मण यादव(28 वर्ष) की हुई मौत मामले ने राज्य की राजनीति को गरमा दिया। घटना के बाद बिराजपुर से जाम हटाकर ग्रामीणों ने शनिवार को सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय चौक को जाम कर दिया। जाम के कारण टंडवा की ओर से आनेवाले और हजारीबाग तथा लातेहार की ओर जानेवाले वाहनों का परिचालन ठप्प हो गया। वही जाम के समर्थन में चतरा सांसद कालीचरण सिंह एवं सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल और झामुमो नेता मनोज चंद्रा धरना स्थल पर बैठ गए। धरनास्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि हजारीबाग से निकलने वाले कोयले की ट्रांसपोर्टिंग का लाभ सीएसआर के माध्यम से हजारीबाग जिले को मिलता है, जबकि चतरा के लोगों को केवल धूल, दुर्घटनाएं और मौत मिल रही है। उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में उन्होंने कई बैठकों में सीसीएल, एनटीपीसी और जिला प्रशासन से सार्वजनिक सड़क से अलग कोल ट्रांसपोर्टिंग रोड बनाने की मांग की थी, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। सांसद ने कहा कि यदि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती है तो चतरा के रास्ते हजारीबाग के कोयले की ढुलाई किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने परिवहन नियमों का सख्ती से पालन कराने और ओवरलोडिंग तथा तेज रफ्तार पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की।वहीं झामुमो नेता मनोज चंद्रा ने कहा कि सीसीएल और जिला प्रशासन लोगों के सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने उचित मुवावजा नीति बनाने पर बल दिया। काफी हो हंगामे के बाद शनिवार की देर रात करीब 10:30 बजे एसडीओ,एसडीपीओ, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी की उपस्थिति में इस बात की सहमति बनी कि आज उपायुक्त की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक होगी। बैठक में हजारीबाग से आनेवाले कोल वाहनों पर रोक और मुवावजा नीति बनाने समेत समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। प्रखंड प्रशासन की ओर से ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया कि जबतक जिलास्तरीय बैठक में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है,तबतक कोल वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी।

### बेखौफ चेन स्नैचर

## डेढ़ घंटे के अंदर रिहायशी इलाके में तीन घटनाओं को दिया अंजाम

**संवाददाता**

**गिरिडीह:** दिन एक ही, समय शाम का और एक घंटे के अंदर तीन थाना इलाके में बाइक सवार उच्चकों ने चेन स्नेचिंग की अलग- अलग घटना को अंजाम दे डाला। तीनों घटना गिरिडीह शहरी इलाके की हैं। घटना तीन अलग-अलग थाना इलाके की हैं। खास बात यह है कि तीनों थानों की सीमाएं एक-दूसरे से सटी हुई हैं। घटना नगर थाना क्षेत्र बरगंडा, मुफस्सिल थाना क्षेत्र सिहोडीह और पचम्बा थाना क्षेत्र कृष्णानगर की हैं।



**पहली घटना: महिला से की गई छिनतई :** पहली घटना पचम्बा थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर गली नंबर-2 में घटी। यहां शनिवार की शाम लगभग 5:30 बजे अपाची बाइक पर सवार उच्चकों ने महिला के गले से सोने का चेन छीन ली। अपराधियों ने जिस महिला से छिनतई की उसका नाम सोनी कुमारी है। सोनी शनिवार को अपने बच्चे को ट्यूशन छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान अपाची बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन झपट लिया और मौके से फरार हो गए।

**दूसरी घटना: महिला के गले से छीन ली सोने की चेन :** दूसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह में शाम लगभग 6:30 में घटी। यहां संगीता देवी सोनबाद गई थी। वहां रिश्तेदार से मिलकर अपने घर लौट रही थी। जैसे ही वह मंगल मूर्ति लॉज के पास पहुंची और घर जाने के लिये गली में दाखिल हुई तभी सामने एक बाइक पर सवार हेलमेट लगाए दो बदमाश पहुंचे। एक ने संगीता के गले से तकरीबन डेढ़ लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन छीन ली और तेज रफ्तार से फरार हो गए।

सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो दलबल के साथ पहुंचे। पीड़िता का बयान दर्ज किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने का काम किया। सीसीटीवी फुटेज में अपराधियों का बाइक और काफी हद तक हुलिया दिखा है। जिसके आधार पर कार्रवाई चल रही हैं।

**तीसरी घटना: बाबूलाल के घर के पास छिनतई :** तीसरी घटना शहर के सबसे रिहासई इलाके में से नगर थाना इलाके के न्यू बरगंडा में घटी। यहां नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के घर के पास एक बाइक पर सवार होकर आए दो उच्चकों ने आशा देवी नामक महिला के गले से सोने का चेन छीन ली और फिर रफूचक्कर हो गए।

आशा देवी के मुताबिक शनिवार की शाम छह बजे वह सब्जी लेने के लिए पावर हाउस चौक गई थी। वहां से जब वह लौट रही थी तो शाम लगभग 7 बजे बाइक पर सवार दो युवक उसके नजदीक पहुंचे और गले से सोने की चेन छीन ली। इधर घटना की जानकारी पर आशा देवी का पुत्र (विष्णुगढ़ हजारीबाग का अंचल निरीक्षक ) राजेश चौधरी रात में ही पहुंच गए। आशा देवी ने इस घटना को लेकर नगर थाना में शिकायत की हैं। आशा ने बताया कि चेन 22 ग्राम का था।

इधर, तीनों थाने का सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम किया गया। यहां एक बात साफ हुई कि पचम्बा थाना के कई घटना में अपाची बाइक का उपयोग किया गया है। जबकि मुफ्फसिल तथा नगर थाना की घटना को एक बाइक पर सवार अपराधियों ने अंजाम दिया हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि मुफ्फसिल और नगर थाना की घटना को एक ही अपराधियों ने अंजाम दिया होगा।

**एसआईटी गठित, एसपी कर रहे हैं मॉनिटरिंग:** इधर, डेढ़ से दो घंटे के अंदर एक के बाद एक तीन चेन स्नेचिंग की घटना को एसपी ने गंभीरता से लेते हुए विशेष जांच दल का गठन किया है। टीम में सदर एसडीपीओ के साथ दोनों डीएसपी, मुफ्फसिल इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी, नगर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी, पचम्बा थाना प्रभारी के अलावा मुफ्फसिल - नगर में पदस्थापित कई अधिकारियों को शामिल किया गया हैं। टीम की मॉनिटरिंग एसपी खुद कर रहे हैं। एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि कि चेन स्नेचिंग की घटना के बाद एसआईटी का गठन किया गया है। टीम जांच कर रही है। संदिग्ध की तलाश तेज की गई है। बहुत जल्द ही सभी अपराधी पकड़े जाएंगे।

### केशो नदी का अस्तित्व खतरे में

## अवैध डंपिंग नहीं रुकी तो बर्बाद होगी खेती, बढ़ेगा बाढ़ का खतरा



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा:** डोमचांच प्रखंड के मसमोहना-महेशपुर मार्ग पर धुमाडीह-रायडीह के बीच बहने वाली केशो नदी में पत्थर खदानों की मिट्टी डालकर नदी को पाटने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान माफिया लगातार नदी के किनारे अवैध डंपिंग कर उसके प्राकृतिक स्वरूप को नष्ट कर रहे हैं। पुरनाडीह पंचायत के रायडीह निवासी चंद्रदेव दास ने बताया कि कभी करीब 250 फीट चौड़ी बहने वाली केशो नदी अब सिमटकर मात्र 150 से 200 फीट रह गई है। उन्होंने आशंका जताई कि मानसून में तेज बारिश होने पर नदी में डाली गई मिट्टी बहकर उनकी खेती योग्य जमीन पर जमा हो जाएगी, जिससे फसल और उपजाऊ भूमि दोनों को भारी नुकसान होगा। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण खदान माफिया बेखौफ होकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं। नदी का प्रवाह बाधित होने से जल निकासी प्रभावित होगी और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा भी बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा नदी से अवैध रूप से डाली गई मिट्टी हटाकर केशो नदी के मूल स्वरूप को तत्काल बहाल करने की मांग की है।

### तपकरा के संत जोसेफ इंटरमीडिएट कॉलेज में चोरी

## ताला तोड़कर कंप्यूटर-प्रिंटर समेत सामान ले उड़े चोर,



**तोरपा/तपकरा:** तपकरा थाना क्षेत्र स्थित संत जोसेफ इंटरमीडिएट कॉलेज (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान) के कार्यालय परिसर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। घटना शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि लगभग 12 बजे से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने कार्यालय के दो दरवाजों का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कार्यालय में रखे दो कंप्यूटर, एक प्रिंटर तथा एक माइक चोरी कर लिया। चोरी की इस घटना से कॉलेज प्रबंधन को लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

शनिवार सुबह जब कॉलेज के कर्मचारी कार्यालय खोलने पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर प्रवेश करने पर गोदरेज का बक्सा खुला मिला और कार्यालय का सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद तत्काल कॉलेज प्रबंधन एवं पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही तपकरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं, कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य तेज कुमार लिंडा ने तपकरा थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

कॉलेज में हुई चोरी की घटना के बाद आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने तथा चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस से प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

### चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## प्रिंस खान गिरोह के दो मुख्य सहयोगी गिरफ्तार, हवाला से जुड़े तार

### हंटरगंज के व्यवसायी प्रेमचंद सिंह से मांगी गई थी दो करोड़ की रंगदारी



**संवाददाता**

**चतरा:** जिला पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात प्रिंस खान गिरोह के दो मुख्य सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। हंटरगंज थाना क्षेत्र के पिण्डरा निवासी प्रेमचंद सिंह से फिरौती और रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस यह कार्रवाई कर रही है। एसपी चतरा के निर्देश पर एसडीपीओ सदर सन्नी वर्धन के नेतृत्व में गठित टीम ने बिहार के भोजपुर से मोहम्मद अस्फाक आलम और सद्दाब अंसारी को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी प्रिंस खान के गिरोह के लिए आर्थिक लेन-देन, रेकी और शूटरों तक पैसा पहुंचाने का काम करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से वीवो का एक मोबाइल फोन और पैसों के लेनदेन के दस्तावेज बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, इनके मोबाइल से शूटरों और प्रिंस खान के सहयोगियों के बीच हवाला और विदेश से आर्थिक लेन-देन के पुख्ता प्रमाण मिले हैं। सद्दाब अंसारी का पहले से ही आपराधिक इतिहास रहा है, जिस पर धनबाद के बैंक मोड़ और गोविंदपुर थानों में गंभीर मामले दर्ज हैं। इस मामले में पुलिस पहले ही अमन खान, मुर्तजा अंसारी, मो. नाजिम और कृष कुमार सिंह उर्फ आयुष को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फिलहाल दोनों नए गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजकर पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# कांके स्थित मंदिर में क्षतिग्रस्त मिला शिवलिंग, क्षेत्र में तनाव, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गांव स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर में रविवार सुबह शिवलिंग क्षतिग्रस्त मिलने के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मंदिर परिसर में जुट गए तथा दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

बताया जा रहा है कि रोज की तरह सुबह श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने मंदिर में स्थापित शिवलिंग को क्षतिग्रस्त देखा। सूचना तेजी से पूरे गांव में फैल गई, जिसके बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया।





घटना की जानकारी मिलते ही कांके थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रही है ताकि घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा सके।

ग्रामीणों ने इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की घटना धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद एहतियात के तौर पर मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है।प्रशासन ने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईआर अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील

मेट्रो रेज



**रांची:** समाजसेवी लखपति कुमार साह ने मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए सही मतदाता सूची आवश्यक है।

एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम, पता, उम्र और फोटो का सत्यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के नए मतदाता अपना नाम जुड़वाएं, पता बदलने पर जानकारी अपडेट कराएं तथा मृत या स्थानांतरित मतदाताओं की सूचना दें।

लखपति कुमार साह ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने की अपील की।

## मुख्यमंत्री ने राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद का जाना हाल, की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना

मेट्रो रेज

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नई दिल्ली स्थित आवास पर राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद से शिष्टाचार मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

ज्ञात हो कि हाल ही में राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद के घुटने का प्रत्यारोपण (नी रिप्लेसमेंट) हुआ है। मुख्यमंत्री ने उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुए सफल उपचार पर संतोष व्यक्त किया और ईश्वर से उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना की।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद जल्द पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर पुनः जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं, यही उनकी शुभकामना है। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

यदि चाहें तो इसे और अधिक औपचारिक या अखबार की प्रमुख खबर की शैली में भी तैयार किया जा सकता है।

## पिता ने बेटी को पीट-पीटकर मार डाला

**दुमका:** घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया जब एक पिता हैवान बन बैठा.आरोपी हडुआ मंडल ने अपनी ही 15 वर्षीय पुत्री पुड़की कुमारी को बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया.घटना बीते शनिवार देर शाम की है.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया और गुस्से में बेकाबू पिता ने बेटी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. हंगामा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे चचेरे चाचा 60 वर्षीय सरजू मंडल को भी आरोपी ने नहीं बख्शा.उसने ईंट से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया.उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए देवघर ले जाया गया, जहां रविवार को इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

## एक खेल, एक संघ, एक पहचान के समर्थन में थ्रोबॉल खिलाड़ियों का सांकेतिक प्रदर्शन

मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में रविवार को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय थ्रोबॉल खिलाड़ियों ने एक खेल, एक संघ, एक पहचान के समर्थन में शांतिपूर्ण सांकेतिक प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने सिर पर काला पट्टा बांधकर झारखंड में प्रत्येक खेल के लिए एक मान्यता प्राप्त संघ बनाए रखने की मांग की।

खिलाड़ियों का कहना है कि झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ पिछले 18 वर्षों से राज्य में खेल के विकास के लिए कार्य कर रहा है और इसी दौरान कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित द्वितीय साउथ एशियन थ्रोबॉल चैंपियनशिप में भी झारखंड के दो खिलाड़ियों ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर पदक जीते।



संघ के अध्यक्ष वेदांत कौस्तव, भारतीय टीम के कोच नगीना कुमार, महिला टीम की कप्तान अरुणा यादव और दक्षिण एशियाई पदक विजेता अमरदीप कुमार ने कहा कि समानांतर संगठन और विवाद खिलाड़ियों के भविष्य को प्रभावित करते हैं। उन्होंने सरकार और खेल विभाग से खिलाड़ियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए खेल में एकता और स्थिरता बनाए रखने की अपील की।

## अल-अंसार मोमिन पंचायत ने हिंदपीढ़ी के नए थाना प्रभारी का किया सम्मान

मेट्रो रेज

**रांची:** हिंदपीढ़ी थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी अरुण कुमार मेहता के पदभार ग्रहण करने पर अल-अंसार मोमिन पंचायत की ओर से सदर अनवर हुसैन के नेतृत्व में उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

मुलाकात के दौरान हिंदपीढ़ी क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। पंचायत के प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए हिंदपीढ़ी को अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का संकल्प लिया।



पंचायत के सदर अनवर हुसैन ने कहा कि समाज और पुलिस के बीच विश्वास एवं सहयोग से ही क्षेत्र में अमन-चैन और सुरक्षा का वातावरण कायम रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि अल-अंसार मोमिन पंचायत की ओर से जल्द ही पुलिस-पब्लिक मीटिंग आयोजित की जाएगी, जिसमें स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पुलिस अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित कर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।

नवपदस्थापित थाना प्रभारी अरुण कुमार मेहता ने भी पंचायत के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस जनता के सहयोग से ही प्रभावी ढंग से कानून-व्यवस्था बनाए रख सकती है। समाजसेवी लखपति कुमार साह ने मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए सही मतदाता सूची आवश्यक है।



## मुरी गोला सड़क की हालत जर्जर

**मुरी:** मुरी गोला सड़क की हालत इन दिनों काफी चिंताजनक बनी हुई है। इस रास्ते छोटी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। दिन भर धूल का गुब्बार उड़ता रहता है, जगह-जगह गड्ढा बनी हुई है, वर्षा होने पर कीचड़ के कारण सड़क की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। मुरी सिंगपुर चौक के पास कई अस्पताल और विद्यालय स्थित है जहां विद्यार्थी पठन पठान एवं रोगी इलाज कराने आते हैं जिसके कारण सड़क व्यस्त रहता है। इस प्रकार सड़क खराब होने के कारण दुर्घटना होने का संभावना बनी रहती है। बताते चले की पिछले दो वर्षों से मुरी गोला सड़क में चौड़ीकरण का काम हो रहा है। कई लोग तो यहां तक कहते हैं कि नरक देखना हो तो मूरी गोला सड़क में सिंगपुर चौक के पास देखें।

## जेसीआई का 'वन टीम विजन' के तहत गौ सेवा और पौधरोपण कार्यक्रम




संवाददाता

**रांची:** जेसीआई रांची का 'वन टीम विजन' ' के अंतर्गत 12 जुलाई (रविवार) को एक विशेष सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौ सेवा से पुण्य, पौधरोपण रोपण से भविष्य के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। यह गरिमामयी कार्यक्रम सुकुरहुटू, कांके स्थित गौशाला न्यास में आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण और जीव सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम को दो मुख्य सत्रों में विभाजित किया गया हैःगौ सेवा कार्यक्रम , जहाँ उपस्थित सदस्य गौवंश की सेवा और देखरेख किये। पौधरोपण रोपण कार्यक्रमः प्रातः 9:00 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसके तहत प्रकृति को हरा-भरा बनाने और धरती को समृद्ध करने के लिए पौधे लगाए गए। संस्था के पदाधिकारियों ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा है, गौ सेवा करें, पुण्य के भागी बनें। एक पौधा लगाएं, धरती को मुस्कुराएं। जीव सेवा और पर्यावरण की सुरक्षा ही हमारी आने वाली पीढ़ी का वास्तविक भविष्य तय करेगी। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेसी सीए अभिषेक जैन, सचिव जेसी साकेत अग्रवाल, प्रोजेक्ट को ऑर्डिनेटर जेसी सीएस अमन पोद्दार, जेसी सीए दीपक पटेल, जेसी सीए रवि कांत सामोता और को-प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर जेसी शुभम हेतमसरिया सहित पूरी टीम सक्रिय रूप से जुटी हुई थी।



## एकादशी पर आज श्याम बाबा मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

निधि पाठक

**रांची:** राजधानी रांची के किशोरगंज स्थित श्याम बाबा मंदिर में आज एकादशी के दिन भक्त जनों की विशाल भीड़ पूजा अर्चना को उमड़ी और बाबा के दर्शन किये ।यूं तो प्रतिदिन इस मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है किंतु एकादशी के दिन विशेष पूजा अर्चना और भक्त जनों की भीड़ देखते ही बनती है । सभी भक्तजन और श्रद्धालु श्याम बाबा मंदिर में पहुंचकर बाबा के दर्शन करते हैं और पूजा अर्चना कर बाबा की प्रार्थना करते हैं। एकादशी के दिन भक्त जनों के बीच व्यापक रूप से प्रसाद का वितरण भी किया जाता है।

## रिम्स के बाद अब मोरहाबादी में चला बुलडोजर, छात्रा हुई बेघर

संवाददाता

**रांची :** रिम्स की जमीन पर बसे दर्जनों आदिवासी परिवारों पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई का दर्द अभी कम भी नहीं हुआ था कि मोरहाबादी में एक और आदिवासी परिवार का आशियाना उजड़ गया। नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत मोरहाबादी मैदान के पास बने एक घर और दुकान को ध्वस्त कर दिया गया।पीड़ित परिवार ने बताया कि कार्रवाई से पहले उन्हें कोई नोटिस भी नहीं दिया गया।

इस कार्रवाई का असर 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा लक्ष्मी मुंडा पर पड़ा है। उसुर्लाइन स्कूल की छात्रा लक्ष्मी सुबह रोज की तरह पढ़ने गयी थी। दोपहर में जब लौटी तो देखा कि जिस घर से वह स्कूल गई थी, वहां सिर्फ मलबा पड़ा था। घर में रखी उसकी किताबें, कॉपियां और पढ़ाई का सामान बारिश में भीग चुका था।

परिजनों ने बताया कि वे वर्षों से यहां रह रहे थे। घर के साथ उनकी छोटी दुकान भी टूट गई, जिससे परिवार के सामने रहने और रोजी-रोटी दोनों का संकट खड़ा हो गया है। लगातार हो रही बारिश में पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को विवश है।



परिवार के लोगों ने बताया कि लक्ष्मी का सपना पढ़-लिखकर बड़ा वैज्ञानिक बनने का था, लेकिन अब वह बिना घर और पढ़ाई के सामान के बिना अपनी पढ़ाई कैसे जारी रखेगी।लक्ष्मी की परिजन सुनीता मुंडा ने बताया कि नगर निगम ने बिना पूर्व सूचना के उनके घर पर बुलडोजर चला दिया। अब उनके पास रहने के लिए कोई दूसरी जगह नहीं है।

सुनीता मुंडा ने प्रशासन से पुनर्वास तथा मुआवजे की मांग की,मालूम हो कि पिछले दिनों रिम्स परिसर की जमीन पर से कई आदिवासी परिवारों को हटाया गया था।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
(Email ID – dsokhunti2017@gmail.com)

**Expression of Intereset (इच्छा की अभिव्यक्ति/पुनः निविदा)**

सरकार के सचिव पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के आदेश ज्ञापांक– 1095, दिनांक–04.07.2025 के आलोक में जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी के लिए एक वाहन महिन्द्रा बोलेरो / बोलेरो नियो किराये पर चालक एवं ईंधन सहित रखने का निदेश प्राप्त है। तदनुसार वाहन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक फार्म / प्रतिष्ठान से निम्नांकित शर्तों के अधीन प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

संबंधित फर्म / प्रतिष्ठान अपना निविदा तकनीकि बीड (A) एवं वित्तीय बीड (B) 02 (दो) अलग–अलग लिफाफा में मुहर बंद कर तीसरे लिफाफा (C) में बंद कर निविदा दिनांक–18.07.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, खूँटी में जमा किया जा सकता है। उक्त निविदा को दिनांक–18.07.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न में गठित निविदा समिति के समक्ष जिला खेल कार्यालय, खूँटी में खोला जायेगा। उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट www.khunti.nic.in एवं जिला खेल कार्यालय, खूँटी के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी

PR 384771 District(26-27)#D



## शरीर से ज्यादा लंबी होती है चम्मचनुमा पूंछ

यह छोटा सा पक्षी लोडिजेसिवा मीराबिलिस अपने चमकदार बहुरंगी पंखों और शरीर के दोनों ओर चकित कर देने वाली लंबी शानदार पूंछ का मालिक है। इसे यह नाम कैसे मिला, इसका भी अपना इतिहास है। दरअसल, एंड्रयू मैथ्यूज ने सर्वप्रथम 1835 में इसका विवरण दिया था। चूंकि वह जार्ज लोजे के साथ काम करते थे। अतः इसे उनके सम्मान में नाम दिया लोडिजेसिया मीराबिलिस। इसकी अनूठी सुंदरता को देखते हुए इसे 'स्टार बर्ड ऑफ पेरू' भी कहा जाता है।

### क्या है इनका आहार?

प्रजननकाल में ये चीटियां, मच्छर और ततैया प्रोटीन के लिए खाते हैं। इसके अलावा ये शार्क और ओहियो के सुगंधित रंगीन फूलों से मीठा मकरंद पीते हैं। ये उड़ते-उड़ते अपने शरीर के वजन की तुलना में 10 गुना खा सकते हैं। यह एक छोटा पक्षी है जो 15 से 17 सेंटीमीटर लंबा होता है। इस पक्षी का वजन मात्र 3 ग्राम नापा गया है। ये 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उड़ सकते हैं।

### मुख्य विशेषताएं:

**अनोखी पूंछ:** इसकी पूंछ में केवल चार पंख होते हैं। नर पक्षी की पूंछ के दो बाहरी पंख बहुत लंबे होते हैं, जिनके सिरों पर टेनिस रैकेट या चम्मच के आकार के बैंगनी-नीले 'डिस्क' होते हैं।

**आकार और वजन:** यह मात्र 15 से 17 सेंटीमीटर लंबा होता है और इसका वजन लगभग 3 ग्राम होता है।

**रंग:** नर पक्षी का शरीर चमकीला हरा और गला फिरोजी होता है, जबकि सिर पर नीली-जामुनी कलगी होती है। मादा पक्षी का रंग थोड़ा हल्का और पूंछ छोटी होती है।

**उड़ान:** यह 40 किमी/घंटा की रफ्तार से उड़ सकता है और उड़ते समय अपने शरीर के वजन की तुलना में 10 गुना भार खींच सकता है।इसे इसकी सुंदरता के कारण 'स्टार बर्ड ऑफ पेरू' भी कहा जाता है।





# दुनिया का इकलौता देश, जहां होती है होती है सांपों की खेती!

दुनिया भर में एक से बढ़कर एक प्रजाति वाले सांप पाए जाते हैं, जिनका नाम सुनते ही लोग थरथर कांपने लगते हैं। क्योंकि इनके काटते ही इंसान की मौत हो जाती है। इनका ज़हर इतनी तेजी से शरीर में फैलता है कि उनका बचना नामुमकिन हो जाता है। कुछ सांप ऐसे भी हैं जिनका विष नाग के बराबर होता है। कुछ सांप अपनी लंबाई और वजन के लिए जाने जाते हैं, तो कुछ सांप आकार में बहुत ही ज्यादा छोटे होते हैं। यदि राह चलते या कहीं पर यह दिख जाए, तो मन में सिहरन होती है। डरावनी और घातक जीव का नाम लेते ही दिमाग में इसकी ही तस्वीर उभर कर सामने आने लगती है। बरसात के मौसम में अक्सर सांप इधर-उधर घूमते हुए नजर आते हैं। वहीं, किसानों को खेती के दौरान यह हमेशा ही नजर आ जाते हैं। यूं तो भारत सहित दुनियाभर में एक से बढ़कर एक चीजों की खेती की जाती है, लेकिन आज हम आपको उस स्थान के बारे में बताएंगे जहां सांप का बगीचा है। यहां के किसान जहरीले सांपों की खेती करते हैं।

## दुनिया का इकलौता देश

जी हां, आपको यह सुनकर आश्चर्य जरूर होगा, लेकिन यह बात बिल्कुल सच है। यूं तो भारत एक कृषि प्रधान देश है, यहां सभी चीजों की खेती की जाती है, जिनमें गेहूं से लेकर चावल, फल, सब्जी, फूल इत्यादि उगाए जाते हैं। लेकिन दुनिया का यह स्थान अपने आप में काफी अनोखा है। यहां आम-लीची की खेती नहीं की जाती, बल्कि सांपों की खेती की जाती है, जिसे देखकर लोगों की थरथराहट छूट जाती है। इसकी खेती इस स्थान के किसान करते हैं। दरअसल, इस देश का नाम वियतनाम है, जहां ट्राई रैक डोंग टैम में सांपों की खेती की जाती है। यहां हर डाल-डाल पर यह लटकते हुए पाए जाते हैं। यह एक ऐसा स्थान है जहां सांप पैदा करवाए जाते हैं। यहां पर नर और मादा को रोमांटिक माहौल दिया जाता है ताकि वे प्रजनन कर सकें और ज्यादा अंडे दे सकें। ऐसे में सांप की संख्या और भी बढ़ेगी। इस जगह पर आपको केवल सांप ही लटकते हुए नजर आएंगे। ऐसे में यह स्थान सांपों का बगीचा भी कहलाता है।

## खेती का मकसद

स्थानीय मीडिया सूत्रों के मुताबिक, यहां सांप की खेती करने की वजह बेहद खास है। दरअसल, इस फॉर्म में पैदा होने वाले सांपों से कई तरह की दवाइयां बनाई जाती हैं। इसके अलावा, फॉर्म में औषधीय सामग्री भी उगाई जाती है। वर्तमान में जानकारी के मुताबिक, यहां पर 400 से अधिक प्रकार के जहरीले सांप मौजूद हैं, जिनके ज़हर से मेडिकल लैब में दवाइयां बनती हैं, जो कि दुनिया भर के सभी देशों में लगभग सप्लाई की जाती हैं। जिससे इंसान को ट्रीटमेंट देकर उन्हें बचाया जा सके। इसके अलावा, सांपों के ज़हर को काटने के लिए एंटी डोज भी बनाए जाते हैं।

## साल भर आते हैं पर्यटक

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि डोंग टैम नाग फॉर्म में हर साल लाखों की संख्या में पर्यटक भी आते हैं। वे इस खूबसूरत लम्हे को अपने कैमरे में कैद करते हैं, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर भी आए दिन वायरल होती रहती है। यदि आपको कभी मौका मिले, तो आप भी सांपों के बगीचे को जरूर एक्सप्लोर करें। यह आपके लिए अनोखा अनुभव हो सकता है।



# अमेरिकी नौसेना के एक पूर्व अफसर ने खोजा नया ग्रह

अमेरिका की मशहूर अंतरिक्ष एजेंसी नासा से जुड़े एक सिटीजन साइंटिस्ट ने बृहस्पति जैसे ग्रह की खोज की है। इस एक्सोप्लैनेट का वजन सूर्य के बराबर है। इसका नाम TOI-21806 है जो धरती से करीब 379 प्रकाश वर्ष दूर है। इस ग्रह का तापमान करीब 170 डिग्री फ़ारेनहाइट (76 डिग्री सेल्सियस) है। इसका तापमान धरती और सौरमंडल के दूसरे ग्रहों की तुलना में ज्यादा है। नासा का कहना है कि टॉम जैकब्स नाम के एक वैज्ञानिक ने इस ग्रह की खोज की है और ये अमेरिकी नौसेना के पूर्व अधिकारी हैं। टॉम नासा के सिटिजन साइंटिस्ट प्रोजेक्ट से जुड़े हुए हैं। एस्ट्रोनॉमी और फिजिक्स में जिन लोगों की रुचि होती है, उनको इस प्रोजेक्ट के माध्यम से नासा शोधकर्ताओं की मदद के लिए लगाता है।

## अलग-अलग दूरबीनों से स्कैन किया डेटा

टॉम ने इस खोज के लिए अलग-अलग दूरबीनों से प्राप्त डेटा को स्कैन किया है। उन्होंने इन डेटा का परीक्षण कंप्यूटर एल्गोरिदम के माध्यम से किया। टॉम जैकब्स विजुअल सर्वे समूह नाम की एक टीम में काम करते हैं। यह समूह आंखों से टेलीस्कोप डेटा का निरीक्षण करता है।

## किस तरह होती है एक प्लैनेट की खोज

वैज्ञानिक किसी एक्सोप्लैनेट का पता लगाने के लिए सितारों की चमक में होने वाले बदलाव के बारे में पता लगाते हैं। इससे यह जानकारी मिलती है कि कोई ग्रह एक निश्चित तारे की परिक्रमा कर रहा है या नहीं। कंप्यूटर एल्गोरिदम के जरिए इस ग्रह को खोज की गई है, क्योंकि इसका निर्माण अलग-अलग ग्रहों की खोज करने के लिए किया गया है।

# जब एक कागज के टुकड़े ने बना दिया देश को मालामाल!



इतिहास कभी-कभी लोगों को हैरान कर देता है। जब लोगों के सामने छिपे हुए रहस्यों के दरवाज़े खुलते हैं, तो उन पर यक़ीन कर पाना बेहद मुश्किल होता है। ऐसा ही एक किस्सा जर्मनी के बावरिया राज्य से सामने आया था, जब 2023 में सरकारी दस्तावेज़ों के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया चल रही थी। इस प्रक्रिया के दौरान लगभग 75 साल पुराना एक पत्र मिला था। पत्र 1950 का था। इस पत्र में एक जूते के डब्बे का ज़िक्र किया गया था। इस पत्र में लिखे गए डब्बे में पीले रंग के चमकदार टुकड़े रखे हुए थे, लेकिन ये टुकड़े आम नहीं थे। इन टुकड़ों ने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया था। दरअसल, इस चिट्ठी ने वैज्ञानिकों को 'हम्बॉलटाइन' नामक एक बेहद दुर्लभ खनिज तक पहुँचा दिया था। यह खनिज इतना दुर्लभ है कि यह दुनिया में सिर्फ़ 30 जगहों पर ही पाया जाता है। अब आप समझ सकते हैं कि इस डब्बे की अहमियत क्यों इतनी ज़्यादा हो गई।

## क्या है हम्बॉलटाइन?

दरअसल, डब्बे में मिला हम्बॉलटाइन एक ऑर्गेनिक मिनरल है। इस खनिज में कार्बन, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन जैसे तत्व धातु के साथ क्रिस्टल संरचना में बंधे होते हैं। अगर इस खनिज की रासायनिक संरचना देखें तो इसमें आयरन और ऑक्सलेट का मेल दिखाई देता है, जिसके चलते यह एक पीले रंग का, नरम रेज़िन जैसे चमक वाला खनिज बन जाता है। यह खनिज बेहद दुर्लभ स्थितियों में बनता है। दरअसल, जब आयरन युक्त चट्टान नम स्थितियों में एसिटिक वातावरण से संपर्क करती है, तो यह खनिज बनता है। इसलिए इसे चमत्कारिक खनिज भी कहा जाता है।

## क्यों है वैज्ञानिक इतने हैरान?

दरअसल बावरिया स्टेट ऑफिस फॉर द एनवायरमेंट के वैज्ञानिकों ने इसकी खोज की। इस खोज में उन्होंने पाया कि एक डिब्बे में पीले रंग के टुकड़ों में कुछ रखा हुआ है। जब इनकी जाँच की गई, तो वैज्ञानिकों ने पाया कि यह हम्बॉलटाइन ही है। इस ख़त और इस डब्बे ने एक ही झटके में जर्मनी के दुर्लभ खनिजों के भंडार को कई गुना बढ़ा दिया। जो हम्बॉलटाइन के टुकड़े मिले, वे हेज़लनट जितने बड़े थे। हालाँकि अब तक यह रहस्य नहीं सुलझ पाया है कि यह खनिज भरे कोयले की परतों से कैसे बना। ये टुकड़े भूगोल नहीं, बल्कि तकनीक की दुनिया को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। इनकी इलेक्ट्रॉन शटलिंग क्षमता इतनी ज़्यादा होती है कि ये भविष्य के लिए ग्रीन टेक्नोलॉजी, हाई कैपेसिटी लिथियम आयन बैटरी कैथोड के लिए सबसे उपयुक्त बन सकते हैं।



# जब पूरी दुनिया अंधेरे में डूब गई थी

## ऐसे रहे हैं इतिहास के सबसे रहस्यमय सूर्य ग्रहण

सूर्य ग्रहण का नजारा हमेशा से ही लोगों को हैरान करता आया है। कई लोग इसे शास्त्रों से जोड़ते हैं तो कई इसे साइंटिफिक फैक्ट्स से समझाते हैं। यह घटना जब भी होती है, इस पर खूब चर्चाएं देखने को मिलती हैं। जब चंद्रमा सूरज को ढक लेता है तो आसमान में अंधेरा छा जाता है और लोग दंग रह जाते हैं। हालांकि यह दृश्य बेहद सुंदर भी होता है। पूर्ण सूर्य ग्रहण की सुंदरता एक बेहद ही दुर्लभ और प्राकृतिक घटना मानी जाती है। आज हम आपको ऐसे ही कुछ फेमस सूर्य ग्रहणों के बारे में बता रहे हैं जिन्होंने दुनिया भर को हैरान कर दिया था। दुनिया भर में इस समय आने वाले सबसे बड़े सूर्य ग्रहण की चर्चा हो रही है। दरअसल, यह सूर्य ग्रहण 2 अगस्त 2027 को लगेगा। यह सूर्य ग्रहण इतना दुर्लभ होने वाला है कि इसकी चर्चा अभी से हो रही है। दरअसल, यह इतना खास इसलिए भी है क्योंकि अगले 100 वर्षों में लगने वाला यह सबसे लंबा सूर्य ग्रहण होगा। जानकारी के मुताबिक, यह सूर्य ग्रहण लगभग 6 मिनट और कुछ सेकंड का होगा। यह नजारा बेहद ही खास होने वाला है, इसीलिए लोग इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### 1374 ईसा पूर्व का ग्रहण

दरअसल, 1374 ईसा पूर्व एक ग्रहण ने खूब चर्चाएं बटोरी थीं। इस ग्रहण ने 2 मिनट और 7 सेकंड के लिए पूरे आसमान में अंधेरा कर दिया था। सीरिया के उगरिट में मेसोपोटामिया के इतिहासकारों द्वारा इसे देखा गया था और यह कहा गया था कि 'सूरज शर्मसार हो गया था'। यह इतिहास की सबसे पुरानी दर्ज खगोलीय घटनाओं में से एक मानी जाती है।

### 1302 ईसा पूर्व चीन में

वहीं, 1302 ईसा पूर्व में चीन के इतिहासकारों ने एक दुर्लभ सूर्य ग्रहण रिकॉर्ड किया था। इस सूर्य ग्रहण की अवधि लगभग 6 मिनट 25 सेकंड बताई जाती है। चीन में सूर्य सम्राट का प्रतीक था, इसीलिए इसे शासक के लिए चेतावनी भी माना जाता था।

### 1763 ईसा पूर्व

इतना ही नहीं, असीरियन साम्राज्य (जो आज इराक में है) ने 1763 ईसा पूर्व में 5 मिनट का सूर्य ग्रहण देखा था। ऐसा भी माना जाता है कि इस ग्रहण का संबंध अशूर शहर में हुए विद्रोह से था। हालांकि इसे लेकर और भी कई दावे किए जाते हैं, लेकिन इतिहास में यह भी सबसे पुराने सूर्य ग्रहणों में आता है।

### 1133 में इंग्लैंड में

इसके अलावा, 1133 में इंग्लैंड के राजा हेनरी फर्स्ट के देहांत के बाद 4 मिनट 38 सेकंड का सूर्य ग्रहण देखा गया था, जिससे इंग्लैंड में पहले से अशांत माहौल और भी अशांत हो गया था। यह भी इतिहास के सबसे पुराने सूर्य ग्रहणों में से एक है।

कुछ ईसाई धर्म की किताबों में यह भी माना जाता है कि जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था, तो इसके बाद कई घंटे तक आसमान में अंधेरा छा गया था। हालांकि कुछ इतिहासकार और खगोलविज्ञानी कहते हैं कि यह एक सूर्य ग्रहण था, जो 1 मिनट 59 सेकंड तक चला था।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# 12 जुलाई तक सभी पात्र मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित हो :उपायुक्त

✔ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत उपायुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**संवाददाता**




**साहिबगंज:**जिले में संचालित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी दीपक कुमार दुबे द्वारा 02 बोरियो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बोरियो प्रखंड स्थित मतदान केंद्र संख्या 68 03-बरहेट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बरहेट प्रखंड स्थित मतदान केंद्र संख्या-158175 व 188 में चल रहे।एस आईआर संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 से संबंधित बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों के वितरण तथा बीएलओ ऐप में अद्यतन की गई प्रविष्टियों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। उपायुक्त ने संबंधित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि दिनांक 12 जुलाई 2026 तक सभी पात्र मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बीएलओ ऐप में सभी संबंधित प्रविष्टियों का अद्यतन कार्य भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफल एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

## मास्टर ट्रेनर सरफराज आलम के नेतृत्व में कांग्रेस का एसआईआर हेल्प कैंप




–सही जानकारी और सही दस्तावेज के साथ सबका नाम सुरक्षित कराएंगे

**संवाददाता**

साहिबगंज:जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा पूरे जिले में एस आईआर से जुड़ी समस्याओं को लेकर हेल्प कैंप लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में साहिबगंज नगर के मजहरटोला मैरेज हॉल में जिला महासचिव सह मास्टर ट्रेनर सरफराज आलम के नेतृत्व में कांग्रेस का एस आईआर हेल्प कैंप आयोजित किया गया।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह साहेबगंज जिला के प्रभारी संजय मुन्नम विशेष रूप से उपस्थित रहे।मौके पर संजय मुन्नम ने कहा कि रक्फ़एक जरूरी प्रक्रिया है। लेकिन इसमें आम लोगों को दिक्कत न हो ये हमारी जिम्मेदारी है। जबकि हेल्प कैंप उसी का हिस्सा है। कांग्रेस कार्यकर्ता आपके साथ है। कोई घबराए नहीं सही जानकारी और सही दस्तावेज के साथ हम सबका नाम सुरक्षित कराएंगे। कैंप में कांग्रेस कार्यकताओं ने लोगों के फॉर्म भरने,दस्तावेज जांचने और रक्फ़ प्रक्रिया समझाने में मदद की। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अपनी समस्याओं को लेकर कैंप पहुंचे। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कोऑर्डिनेटर अनुकूल मिश्रा,मो कलीमुद्दीन,बासुकीनाथ यादव, सलाउद्दीन,वार्ड पार्षद नजरुल बारी, पूर्व वार्ड पार्षद मो निजामुद्दीन,पूर्व नगरपरिषद उपाध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता अनवर अली,तारिक अनवर , मो बंटी एवं कांग्रेस के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### न्यूज IN ब्रीफ

रेलमंत्री से मिलेंगे जदयू जिलाध्यक्ष सुनील सिन्हा

## लंबित रेल परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने का करेंगे आग्रह



साहिबगंजः जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष सुनील सिन्हा ने पिछले दिनों मालदा रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम से मुलाकात कर साहिबगंज में रेल विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जिले में रेल सुविधाओं के विस्तार,यात्री सुविधाओं में सुधार और लंबित रेल परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग उठाई। सुनील सिन्हा ने बताया कि पिछले दिनों मालदा डीआरएम के साथ हुई वार्ता सकारात्मक रही है। उन्होंने कहा कि साहिबगंज के रेल विकास के मुद्दे को लेकर वे एक-दो दिनों के भीतर नई दिल्ली रवाना होंगे,जहां केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर जिले की रेल संबंधी समस्याओं और विकास योजनाओं को प्रमुखता से रखेंगे।उन्होंने कहा कि साहिबगंज एक महत्वपूर्ण रेल क्षेत्र है और यहां के लोगों को बेहतर रेल सुविधाएं मिलनी चाहिए।इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और रेल मंत्रालय के समक्ष जिले के हितों को मजबूती से उठाएंगे।सुनील सिन्हा ने विश्वास जताया कि रेल मंत्री से होने वाली मुलाकात के बाद साहिबगंज की रेल विकास योजनाओं को गति मिलेगी तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल होगी।उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य साहिबगंज को आधुनिक रेल सुविधाओं से जोड़ना और क्षेत्र के समग्र विकास को आगे बढ़ाना है।

## एसआईआर को लेकर कांग्रेस जिला प्रभारी ने उधवा क्षेत्र का किया दौरा, बूथों का लिया जायजा



साहिबगंजः झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह साहिबगंज जिला प्रभारी डॉ मुन्नम संजय ने शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत साहिबगंज जिले के अंतर्गत के उधवा प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न मतदान केंद्रों बूथों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की और अभियान की प्रगति का जायजा लिया।दौरे के क्रम में डॉ मुन्नम संजय ने संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर से मुलाकात कर एस आईआर प्रक्रिया मतदाता सूची के पुनरीक्षण तथा उससे संबंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त की।उन्होंने बीएल ओ से कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता को किसी प्रकार की असुविधा न हो पूरी और प्रक्रिया निष्पक्ष पारदर्शी व जिम्मेदारी के साथ संपन्न की जाए।उन्होंने प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में स्थानीय कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बैठक कर एस आईआर अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने तथा पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। निरीक्षण अभियान में प्रदेश कॉर्डिनेटर अनुकुल चंद्र मिश्रा उधवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो० बदरूद्दोजा,जिला महासचिव सह प्रखंड प्रभारी ऐनुल हक अंसारी,जिला सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर आरिफ आलम, मंडल अध्यक्ष मो मुर्सालिम गुफरान आलम,दुरूद आलम,अलाउद्दीन सेख, ताफाजुल सेख,नसीम सेख,फि रोज आलम,सहित अन्य उपस्थित थे।

## दुमका में पिता ने की बेटी की हत्या, बचाने आए बुजुर्ग की भी गई जान,आरोपित गिरफ्तार

**दुमका :** दुमका जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के बेलूडीह गांव में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की हत्या कर दी। बेटी को बचाने और आरोपित को समझाने पहुंचे गांव के एक बुजुर्ग पर भी उसने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृत बच्ची की पहचान पुड़की कुमारी (13) के रूप में हुई है, जबकि दूसरे मृतक गांव निवासी 68 वर्षीय सरजू मंडल हैं। ग्रामीणों के अनुसार, शनिवार को आरोपित मनोज मंडल किसी बात को लेकर अपनी बेटी की बेरहमी से पिटाई कर रहा था। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर सरजू मंडल बीच-बचाव के लिए पहुंचे और मनोज मंडल को समझाने का प्रयास किया। इस बात से नाराज होकर मनोज मंडल ने सरजू मंडल पर भी हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों और ग्रामीणों की सहायता से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें देवघर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर, मारपीट में गंभीर रूप से घायल पुड़की कुमारी की भी मौत हो गई। आरोप है कि हत्या के बाद मनोज मंडल ने बच्ची के शव को गांव के एक कुएं में फेंक दिया, ताकि घटना को छिपाया जा सके। घटना की सूचना मिलते ही सरैयाहाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित मनोज मंडल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रतियोगिताओं का आयोजन

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का केंद्र होता है विद्यालय: इन्द्रजीत साह




✔ विद्यार्थी सप्ताह के तीसरे दिन अभाविप ने विद्यार्थियों में जगाया नेतृत्व संस्कार और राष्ट्रभावना का संकल्प

**संवाददाता**

साहिबगंजः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में साहिबगंज नगर द्वारा आयोजित विद्यार्थी सप्ताह के तीसरे दिन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, साहिबगंज में भाषण पेंटिंग वाद-विवाद व आर्ट्स एंड क्राफ्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और परिषद् गीत के साथ हुआ। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी बौद्धिक, कलात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील पंडित, एबीवीपी झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक इन्द्रजीत साह तथा प्रदेश छात्रा सह प्रमुख निधि सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंत्री चंदन कुमार गुप्ता ने की। अपने संबोधन में प्राचार्य सुनील पंडित ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का केंद्र होता है और इस प्रकार के आयोजन उनमें आत्मविश्वास अनुशासन तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक इन्द्रजीत साह ने कहा कि एबीवीपी विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण का भाव विकसित करने का कार्य करती है। प्रदेश छात्रा सह प्रमुख निधि सिंह ने कहा कि छात्राओं को शिक्षा के साथ नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास के अवसर मिलना समय की आवश्यकता है तथा एबीवीपी इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर मंत्री चंदन कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी सप्ताह के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने, नए अनुभव प्राप्त करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अविनाश कुमार, जिला कार्यालय मंत्री अंकुश कुमार नगर सह मंत्री लक्ष्मी कुमारी दीपिका कुमारी पायल कुमारी मौसमी कुमारी पूर्णव कुमार अनमोल कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### भाजपा की संगठनात्मक बैठक संपन्न

# आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने संकल्प

**संवाददाता**



**साहिबगंज:**भारतीय जनता पार्टी, साहिबगंज जिला की संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष गौतम यादव के नेतृत्व में कोटालपोखर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ सशक्तिकरण तथा सदस्यता विस्तार सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला प्रभारी अमृत पांडेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, नियमित संगठनात्मक बैठकों का आयोजन करने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने तथा आगामी कार्यक्रमों को पूरी प्रतिबद्धता और अनुशासन के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। प्रदेश मंत्री कृष्णा महतो ने भी संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर बल दिया। बैठक में जिला महामंत्री सलकू सोरेन एवं धनंजय कुमार मंडल, जिला उपाध्यक्ष चौकीदार हांसदा एवं खगेन्द्र साहा, जिला मंत्री चाँदनी देवी,सागर मंडल, उषा भारती, बापी निर्मल साह. संजीव गुप्ता, जिला कार्यालय मंत्री गौतम पंडित, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मंडल, मंडल अध्यक्ष विकास भगत, मनीष भारती, अनुराग राहुल, दीपक चंद्रवंशी, चिरंजीव, पिंटू घोष, चंदन, जितेंद्र पंडित, कुणाल मंडल, तारक घोष, दिलीप व सन्नी मरांडी सहित जिले के सभी मंडलों के अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मंडल प्रभारी तथा बरहरवा नगर के पूर्व नगर अध्यक्ष श्यामल दास सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## बहरागोड़ा में डेढ़ करोड़ रुपये के पन्ना के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, बाइक, मोबाइल और नकदी जब्त

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले की बहरागोड़ा पुलिस ने कीमती रत्न पन्ना की अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से करीब 1.095 किलोग्राम (1095 ग्राम) पन्ना बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान दो मोटरसाइकिल, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 2300 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) शुभम खंडेलवाल ने रविवार को प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर बहरागोड़ा बस स्टैंड के समीप कीमती पन्ना की खेप लेकर सौदा करने वाले हैं। सूचना की पुष्टि के बाद घाटशिला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया और संदिग्ध स्थान पर घेराबंदी की गई। पुलिस टीम के पहुंचते ही दो मोटरसाइकिलों के पास खड़े तीन युवक भागने लगे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपित विनय पातर की स्कूटी की डिक्की से सफेद प्लास्टिक में पैक 1.095 किलोग्राम पन्ना बरामद किया गया। इसके अलावा दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन और 2300 रुपये नकद भी जब्त किए गए।

# देश की बढ़ती जनसंख्या विकास की गति पर प्रभाव डालती है: सतीश चंद्रा

– विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ

**संवाददाता**




**साहिबगंज:**विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा-2026 के तहत 11 जुलाई से 10 अगस्त 2026 तक चलने वाले विशेष अभियान का शुभारंभ आज सदर अस्पताल साहिबगंज में उप विकास आयुक्त साहिबगंज सतीश चंद्रा एवं सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी साहिबगंज डॉ0 रामदेव पासवान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उप विकास आयुक्त एवं सिविल सर्जन ने संयुक्त रूप से परिवार नियोजन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो अभियान अवधि के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर परिवार नियोजन एवं जनसंख्या स्थिरता के प्रति लोगों को जागरूक करेगा। जबकि संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त साहिबगंज ने कहा कि हम दो हमारे दो का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि देश की बढ़ती जनसंख्या विकास की गति पर प्रभाव डालती है। वर्तमान में भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक हो चुकी है। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ तभी संभव है जब प्रत्येक परिवार परिवार नियोजन को अपनाए तथा छोटे एवं संतुलित परिवार की अवधारणा को स्वीकार करे। उन्होंने कहा कि छोटा परिवार सुखी परिवार केवल एक नारा नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं समृद्ध समाज की आधारशिला है। उन्होंने सभी से जनसंख्या स्थिरता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने एवं व्यापक जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया।अपने संबोधन में सिविल सर्जन, साहिबगंज ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार के कारण आज मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। लोगों की औसत आयु पहले की तुलना में बढ़ी है। यह स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों का सकारात्मक परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या स्थिरता किसी भी देश के सतत विकास बेहतर स्वास्थ्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा रोजगार एवं संसाधनों के संतुलित उपयोग के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसलिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सा पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय कार्यकताओं को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिए योग्य दंपतियों को आवश्यक परामर्श एवं सेवाएं उपलब्ध करानी चाहिए। उन्होंने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि अभियान अवधि के दौरान अधिक से अधिक योग्य दंपतियों तक पहुंचकर परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जीएनएम एएनएम सहिया साथी व सहियाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही योग्य दंपतियों को नई पहल किट प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों जन्मांतराल एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। जिसमें आमजन को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।जिसमें छोटे परिवार के लाभ जन्मांतराल तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम स्थल पर परिवार नियोजन से संबंधित सभी प्रकार के गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी एवं वितरण हेतु विशेष स्टॉल भी लगाया गया, जहाँ उपस्थित लोगों को विभिन्न परिवार नियोजन साधनों की जानकारी परामर्श और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई।अंत में उपस्थित सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया गया कि 11 जुलाई से 10 अगस्त 2026 तक संचालित होने वाले जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक योग्य दंपतियों तक पहुंचकर परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । जनसंख्या स्थिरता, स्वस्थ परिवार एवं समृद्ध समाज के निर्माण के उद्देश्य से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएं।

# नेहा ने खोला शादी का राज

## परिवार ने सिर्फ 20 मिनट की मुलाकात में दे दी थी रजामंदी

**नेहा कक्कड़ ने खुलासा किया कि उनके परिवार ने रोहनप्रीत सिंह से सिर्फ 15-20 मिनट की मुलाकात के बाद ही शादी के लिए हां कर दी थी। नेहा ने अपनी लव स्टोरी को किस्मत का खेल बताया।**



बॉलीवुड की मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह की लव स्टोरी अक्सर चर्चा में रहती है। अब नेहा ने अपनी शादी से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता और भाई टोनी कक्कड़ ने रोहनप्रीत से सिर्फ 15-20 मिनट की मुलाकात के बाद ही शादी के लिए हां कर दी थी। जिसके बाद दोनों ने शादी कर ली।

### 'भाई को बताया दिल का हाल'

आने वाले शो 'तुम हो ना- घर की सुपरस्टार' में होस्ट राजीव खंडेलवाल से बातचीत के दौरान नेहा ने बताया कि जब उन्हें रोहनप्रीत पसंद आने लगे तो उन्होंने सबसे पहले यह बात अपने भाई टोनी कक्कड़ को बताई। इसके बाद पूरा परिवार पंजाब जाकर रोहनप्रीत से मिला।

### 'शादी करनी है तो रोहन से ही करो'

नेहा ने बताया कि उनके माता-पिता और भाई ने रोहनप्रीत से अलग कमरे में करीब 15-20 मिनट बात की। बाहर आते ही तीनों ने एक ही बात कही कि अगर शादी करनी है तो सिर्फ रोहन से ही करो। नेहा के मुताबिक, परिवार की तरफ से बिना किसी संदेह के रिश्ता मंजूर था। नेहा ने कहा कि सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि उन्हें खुद भी लगा जैसे यह सब पहले से लिखा हुआ था। कई लोगों को यह फैसला जल्दबाजी लग सकता था, लेकिन उन्हें महसूस हुआ कि किस्मत उन्हें उसी दिशा में ले जा रही थी



### फिर चर्चा में आया पुराना विवाद

बता दें कि शिल्पा शिंदे ने 2016 में शो छोड़ने के बाद निर्माताओं के साथ गंभीर विवाद किया था। उनके बाहर होने के बाद शुभांगी अत्रे ने अंगूरी भाभी का किरदार संभाला और लंबे समय से इस भूमिका में नजर आ रही हैं। शिल्पा के हालिया खुलासे के बाद यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है, जिस पर शुभांगी ने बैलेंस रिएक्शन दिया।

# शिल्पा शिंदे के झूठे यौन उत्पीड़न केस पर बोलीं शुभांगी अत्रे

**शिल्पा** शिंदे के झूठे यौन उत्पीड़न केस कबूलने पर शुभांगी अत्रे ने कहा कि कलाकारों को कानून का सम्मान करना चाहिए और गंभीर आरोप जिम्मेदारी से लगाने चाहिए।

टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं' से जुड़ा पुराना विवाद एक बार फिर चर्चा में है। अदाकारा शिल्पा शिंदे की ओर से निर्माता संजय कोहली के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों को झूठा बताने के बाद अब शो में अंगूरी भाभी का किरदार निभा रहीं शुभांगी अत्रे ने इस पूरे मामले पर अपनी रिएक्शन दी है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को कानून का सम्मान करना चाहिए और गंभीर आरोप बहुत सोच-समझकर लगाने चाहिए।

### शिल्पा शिंदे ने क्या कबूल किया था?

हाल ही में शिल्पा शिंदे ने स्वीकार किया था कि उन्होंने 'भाबीजी घर पर हैं' के निर्माता संजय कोहली के खिलाफ जो यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था, वह सही नहीं था। उन्होंने दावा किया कि उस समय उनके पास विवाद से निपटने का दूसरा रास्ता नहीं था। बाद में रियलिटी शो लॉक अप 2 में उन्होंने यह भी कहा कि वर्षों बाद निर्माता ने उन्हें शो में लौटने का अनुरोध किया था।

### क्या बोलीं शुभांगी अत्रे?

एक इंटरव्यू में शुभांगी अत्रे ने कहा कि कलाकारों को लाखों लोग फॉलो करते हैं, इसलिए उनकी जिम्मेदारी भी ज्यादा होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी कानूनी मामले पर टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन हर व्यक्ति को कानून और न्याय व्यवस्था का सम्मान करना चाहिए। उनके मुताबिक, किसी पर भी गंभीर आरोप लगाने से पहले उसके परिणामों के बारे में जरूर सोचना चाहिए।



# एक्ट्रेस स्वाति रेड्डी ने डायरेक्टर श्रीकांत नागोथी से रचाई शादी

**तेलुगु** एक्ट्रेस 'कलर्स स्वाति' रेड्डी ने 'मंथ ऑफ मधु' के डायरेक्टर श्रीकांत नागोथी से शादी कर ली है। कपल ने 8 जुलाई, 2026 को एक निजी समारोह में सात फेरे लिए और सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर कर फैंस को यह खुशखबरी दी। तेलुगु एक्ट्रेस स्वाति रेड्डी, जिन्हें कलर्स स्वाति के नाम से जाना जाता है, ने अपनी पर्सनल लाइफ में एक नए चैप्टर की शुरुआत की है। एक्ट्रेस ने 'मंथ ऑफ मधु' के डायरेक्टर श्रीकांत नागोथी से एक निजी शादी समारोह में शादी कर ली है। कपल ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस के साथ यह खबर शेयर की। स्वाति और श्रीकांत ने बताया कि उन्होंने 8 जुलाई, 2026 को शादी की। सेरेमनी से तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने बस इतना लिखा, 'शादी हो गई। 08-07-2026।' तस्वीरों में कपल को पारंपरिक शादी की रस्में निभाते हुए देखा गया, जिसमें एक होमम और पूजा भी शामिल थी।

### सादे समारोह में हुई शादी

यह सेरेमनी घर पर ही रखी गई थी, जो एक सादा और निजी फंक्शन लग रहा था, जिसमें केवल करीबी परिवार के सदस्य और प्रियजन ही शामिल हुए। शादी के लिए स्वाति ने हरे बॉर्डर वाली एक सिंपल सफेद साड़ी चुनी, जिसे मैचिंग ब्लाउज के साथ पेयर किया गया था। उन्होंने अपना ब्राइडल लुक मिनिमल रखा और इसे फूलों की माला से पूरा किया। श्रीकांत ने पारंपरिक सफेद एथनिक आउटफिट पहना था जो सेरेमनी की सिंपल थीम से मेल खाता था।

### इंडस्ट्री के दोस्तों ने दी बधाई

जैसे ही कपल ने अपनी शादी की घोषणा की, फिल्म इंडस्ट्री के दोस्तों और सहकर्मियों ने कमेंट सेक्शन में बधाई संदेशों की बाढ़ ला दी। स्वाति के 'मंथ ऑफ मधु' के को-स्टार नवीन चंद्रा ने नए शादीशुदा जोड़े को शुभकामनाएं दीं, जबकि फिल्ममेकर नंदिनी रेड्डी, एक्टर श्रेया धनवंतरी, बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा और कॉमेडियन राजा शेखर मामिडाना ने भी अपनी शुभकामनाएं भेजीं। स्वाति तेलुगु और तमिल फिल्मों और टेलीविजन में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, जबकि श्रीकांत नागोथी ने 'मंथ ऑफ मधु' का निर्देशन किया था, वह फिल्म जिसने दोनों को प्रोफेशनली एक साथ लाया।

## फैंस का इंतजार हुआ खत्म

# विजय की 'जन नायकन' सेंसर बोर्ड से पास



विजय थलापति की फिल्म 'जन नायकन' को जनवरी महीने में रिलीज होना था। लेकिन इस फिल्म के साथ कई विवाद जुड़ गए, फिल्म सेंसर बोर्ड में अटकी रही, साथ ही कोर्ट के चक्कर भी मेकर्स ने काटे। अब विजय के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। फिल्म को सेंसर ने पास कर दिया है।

### फिल्म को मिली 'ए' रेटिंग

फिल्म 'जना नायकन' को सेंसर बोर्ड से 'ए' रेटिंग के साथ पास किया है। सेंसर से पास होने के बाद फिल्म की अवधि अब 3 घंटे 3 मिनट है।

### कब रिलीज हो सकती है फिल्म?

गुरुवार को एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर कनाडा के डिस्ट्रीब्यूटर योर्क सिनेमाज ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार, हमारे अपने थलापति विजय 'जन नायकन' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। कनाडा में यॉर्क सिनेमाज द्वारा यह फिल्म रिलीज की जाएगी। 24 जुलाई से सिनेमाघरों में फिल्म 'जन नायकन' धूम मचाएगी। एक शानदार थिएटर अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। हालांकि फिल्म के मेकर्स ने अभी तक रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

# तलाक हुआ ही नहीं...

## लोग गलत कहानी बना रहे हैं-गौरव खन्ना



आकांक्षा चमोला के तलाक की घोषणा पर गौरव खन्ना ने पहली बार शो में आकर अपना पक्ष रखा. उन्होंने बताया कि कानूनी तौर पर आज भी वे एक-दूसरे के पति-पत्नी हैं. गौरव खन्ना और उनकी पत्नी आकांक्षा चमोला की शादी इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है. 'लॉक अप 2' में आकांक्षा के तलाक वाले बयान के बाद पहली बार गौरव शो में पहुंचे और उन्होंने पूरे मामले पर खुलकर अपनी बात रखी. गौरव ने कहा, 'हमने सिर्फ इस बारे में बात की थी. न कोई तलाक की अर्जी पर साइन हुए हैं और न ही कानूनी तौर पर कुछ फाइनल हुआ है. लोगों को लगता है कि हमारा तलाक डेढ़ साल पहले ही हो गया था. बाहर ऐसा नैरेटिव बना दिया गया है कि हम पहले से अलग थे और मैं सिर्फ तुम्हारी मदद करने के लिए तुम्हारे साथ दिखाई दे रहा था. '

शो के दौरान गौरव खन्ना ने कहा कि आकांक्षा ने 'लॉक अप 2' में यह बात तब बताई, जब वह 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग के लिए जा रहे थे. गौरव ने कहा, तुमने शो शुरू होने से सिर्फ सात दिन पहले मेरे सामने यह बात रखी थी. उस समय मैं समझ नहीं पा रहा था कि वहां जाकर स्टंट पर ध्यान दूं या अपने दिमाग में चल रही इस उथल-पुथल को संभालूं. लेकिन अब जो हुआ, सो हुआ. फराह खान ने दोनों को अपनी केबिन में बात करने का मौका दिया.

### गौरव खन्ना बोले- आज भी मैं तुम्हारा पति हूं

गौरव ने आगे कहा, 'जिस तरह लोगों ने इस पूरे मामले को लिया है, उसे देखकर मैं हैरान हूं. हर कोई अपनी-अपनी कहानी बना रहा है और जो मन में आ रहा है, वही लिख रहा है. लेकिन मुझे सबसे ज्यादा तकलीफ तब होती है जब कोई तुम्हारे बारे में गलत बोलता है. कानूनी तौर पर आज भी तुम मेरी पत्नी हो और मैं तुम्हारा पति हूं. मैं कभी भी उस इंसान के बारे में बुरा सुनना पसंद नहीं करता जिसके साथ मैं रहा हूं या जो आज भी मेरी जिंदगी का हिस्सा है. '

# पुष्कर जोग ने यूके में अपनी नई हिंदी फिल्म 'अंतराल' की शूटिंग शुरू की



मुंबई एक्टर पुष्कर जोग इन दिनों अपनी आने वाली हिंदी फिल्म 'अंतराल' की शूटिंग के लिए यूनाइटेड किंगडम में हैं, और इस बार कहानी में है प्यार भी... और खतरा भी। पुष्कर ने सोशल मीडिया पर सेट से क्लैपबोर्ड की एक झलक शेयर करते हुए इस नए सफर की शुरुआत की अनाउंसमेंट की। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा, 'यूनाइटेड किंगडम में सेट अपनी अगली हिंदी हॉरर रोमांटिक ड्रामा फिल्म की घोषणा करते हुए उत्साहित हूं। यह एक ब्रिटिश इंडियन क्रॉसओवर फीचर फिल्म 'अंतराल' है, जिसमें मैं और @anisaaniiam हैं।' इस फिल्म में पुष्कर जोग के साथ अनीसा बट नजर आएंगी। फिल्म को गूजबंप्स एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा है, जबकि इसे ब्रिटिश इंडियन फिल्ममेकर तेजा सलादी ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी निखिल रानाडे संभाल रहे हैं। भारतीय सिनेमा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए पहचाने जाने वाले पुष्कर हमेशा ऐसे किरदार चुनते हैं जो उन्हें रचनात्मक रूप से चुनौती दें, और 'अंतराल' भी उसी कड़ी की एक दिलचस्प नई पेशकश है।

# आखिरी टी20 मैच में इंग्लैंड ने भारत को 56 रन से रौंदा, 4-0 से जीती सीरीज



एजेंसी

**साउथैम्प्टन :** सलामी बल्लेबाज जोस बटलर के विस्फोटक शतक और हैरी ब्रूक के नाबाद तूफानी अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने पांचवें और अंतिम टी-20 मुकाबले में भारत को 56 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज 4-0 से अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ इंग्लैंड आईसीसी टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की नंबर-1 टीम भी बन गया। साउथैम्प्टन के रोज बाउल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 257 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो भारत के खिलाफ उसका टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर है। जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की पारी में जोस बटलर ने 64 गेंदों पर 131 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें चौकों और छक्कों की बारिश देखने को मिली। कप्तान हैरी ब्रूक ने 45 गेंदों पर नाबाद 95 रन बनाकर उनका शानदार साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 233 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की, जो भारत के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। भारत की ओर से शिवम दुबे ने दो, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने एक विकेट हासिल किया। इनके अलावा, कोई भी भारतीय गेंदबाज विकेट नहीं ले सका और पूरे मैच में इंग्लिश बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना मुश्किल रहा। 258 रन के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। अभिषेक शर्मा 3 रन के निजी योग पर जल्दी आउट हो गए। हालांकि ईशान किशन ने 56 और तिलक वर्मा ने 25 गेंदों में तेज 53 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं निभा सके। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 28, संजू सैमसन ने 27 और शिवम दुबे ने 14 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से सैम करन ने तीन विकेट झटके, जबकि आदिल रशीद ने दो महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल कीं। उनकी सटीक गेंदबाजी ने भारतीय बल्लेबाजी की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। यह भारत की टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के लिहाज से चौथी सबसे बड़ी हार रही। वहीं, श्रेयस अय्यर की कप्तानी में यह लगातार सातवीं टी-20 हार दर्ज हुई।

# ईरान ने जॉर्डन, कुवैत, बहरीन और कतर में अमेरिकी मिलिट्री ठिकानों पर किए हमले

एजेंसी

**तेहरान :** ईरान ने दावा किया है कि दक्षिणी ईरान पर अमेरिकी हमलों के जवाब में उसकी सेना और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (क्क्क्ष्ठ) ने जॉर्डन, कुवैत, बहरीन और कतर में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से जवाबी हमले किए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि अमेरिका ने आगे कोई सैन्य कार्रवाई की तो उसे और अधिक सख्त जवाब दिया जाएगा। ईरान की सरकारी समाचार सेवा प्रेसटीवी के मुताबिक आईआरजीसी ने रविवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि अमेरिका ने ओमान पर दबाव डालकर और होर्मुज जलडमरूमध्य के दक्षिण में जहाजों की गतिविधियां बढ़ाकर तनाव पैदा किया। संगठन का दावा है कि ईरानी नौसेना ने इन प्रयासों को विफल कर दिया,



जिसके बाद अमेरिका ने दक्षिणी ईरान के तटीय ठिकानों और संचार टावरों पर हवाई हमले किए। ईरान के अनुसार, जवाबी कार्रवाई के पहले चरण में आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स ने जॉर्डन के प्रिंस हसन एयर बेस पर हमला किया। इसके बाद दूसरे चरण में कतर स्थित अमेरिकी अल-उदीद एयर बेस को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया गया। ईरान का दावा है कि हमले में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस और कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को नुकसान पहुंचा। एक अलग बयान में ईरानी सेना ने कहा कि उसने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोन से हमले किए। सेना के मुताबिक, कुवैत में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम, गोला-बारूद डिपो और रडार साइट को निशाना बनाया गया, जबकि बहरीन में अमेरिकी संचार और रडार सुविधाओं पर ड्रोन हमले किए गए। ईरान ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की ओर से सैन्य कार्रवाई जारी रही तो जवाब और अधिक कठोर होगा। साथ ही क्षेत्र में बढ़ने वाले तनाव और अस्थिरता की जिम्मेदारी अमेरिका और उसके सहयोगियों पर होगी।

इस बीच, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर दक्षिणी ईरान में सैन्य कार्रवाई की गई, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की नियंत्रण क्षमता को कमजोर करना था। उधर, फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, अमेरिकी हमलों के बाद बुशहर प्रांत के असलूयेह और बंदर दायेर क्षेत्रों में कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इससे पहले आईआरजीसी नौसेना ने घोषणा की थी कि अगले आदेश तक होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा और इसे तब तक नहीं खोला जाएगा जब तक अमेरिका क्षेत्र में अपनी सैन्य गतिविधियां बंद नहीं करता।

### गैस सिलेंडर से लगी आग,हजारों की संपत्ति जलकर राख



**नवादा** : जिले के कौआकोल बाजार स्थित कोऑपरेटिव बैंक के समीप भोला साव के घर में रविवार को गैस सिलेंडर से जुड़े चूल्हे में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे किचन को अपनी चपेट में ले लिया,जिससे किचन में रखा फ्रीज सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घर मे रखे लाखो की सम्पति जल गई।आग बुझाने के दौरान भोला साव के पुत्र जितेन्द्र कुमार आंशिक रूप से झुलस गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समाजसेवी एवं स्थानीय ग्रामीण आयुष कुमार ने बताया कि ग्रामीणों और अग्निशमन विभाग की तत्परता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। यदि आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया जाता,तो आसपास के घर भी इसकी चपेट में आ सकते थे और एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## वेस्ट बैंक में इजराइल की नई कार्रवाई, 500 एकड़ से ज्यादा जमीन पर सैन्य आदेश लागू

**इस्तांबुल :** फिलिस्तीनी कॉलोनाइजेशन एंड वॉल रेजिस्टेंस कमीशन (पीसीडब्ल्यूआरसी) ने दावा किया है कि इजराइल ने जनवरी, 2026 से अब तक कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 2,093 डुनम (करीब 517 एकड़) निजी फिलिस्तीनी जमीन को प्रभावित करने वाले 49 सैन्य आदेश जारी किए हैं। तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू के मुताबिक, पीसीडब्ल्यूआरसी ने बताया है कि इन आदेशों के तहत जमीन का औपचारिक अधिग्रहण या मालिकाना हक नहीं बदला जाता, लेकिन सुरक्षा उपायों के नाम पर उस पर कई तरह की पाबंदियां लगा दी जाती हैं। इनमें पेड़ों की कटाई या छंटाई की अनुमति, जमीन तक पहुंच पर रोक और खेती पर प्रतिबंध जैसे कदम शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये सैन्य आदेश मुख्य रूप से इजराइली बस्तियों, बस्तियों को जोड़ने वाली सड़कों, अलगाव दीवार और सैन्य ठिकानों के आसपास लागू किए जा रहे हैं। आयोग का आरोप है कि इन उपायों के जरिए आधिकारिक अधिग्रहण किए बिना फिलिस्तीनी जमीन पर इजराइल का नियंत्रण बढ़ाया जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार, 2025 में 1,613 डुनम जमीन को प्रभावित करने वाले 47 सैन्य आदेश जारी किए गए थे, जबकि 2026 की पहली छमाही में 2,093 डुनम जमीन से जुड़े 49 आदेश जारी किए जा चुके हैं। आयोग का कहना है कि इससे बस्ती विस्तार और फिलिस्तीनियों की अपनी जमीन तक पहुंच सीमित करने की नीति में तेजी आई है। आयोग की छमाही रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि 2026 की पहली छमाही के दौरान कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 3,488 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें फिलिस्तीनी समुदायों पर हमले, आगजनी, गोलीबारी, जमीन पर कब्जा और नई बस्ती चौकियों की स्थापना शामिल है। वहीं, इजराइल में बस्तियों का विरोध करने वाले संगठन पीस नाउ के अनुमान के अनुसार, कब्जे वाले वेस्ट बैंक में करीब 5 लाख और पूर्वी यरुशलम में लगभग 2.5 लाख इजराइली लोग रहते हैं। फिलिस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में हिंसा और सैन्य अभियानों में तेजी आई है। उनके अनुसार, इस दौरान 1,175 फिलिस्तीनियों की मौत, 12,919 लोग घायल, 33,000 लोग विस्थापित और करीब 24,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## सीवान पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में टॉप-10 अपराधी कौसर साई गिरफ्तार

**सीवान :** जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को मजबूत करने के अभियान के तहत सीवान पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम ने एम.एच. नगर थाना क्षेत्र के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल वांछित अपराधी कौसर साई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ, जिला आसूचना इकाई और एम.एच. नगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पिआउर निवासी अंसार साई के पुत्र कौसर साई को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त महाराजगंज थाना कांड संख्या 294/25 में वांछित था। उसके विरुद्ध बीएनएस, आर्म्स एक्ट तथा एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कौसर साई का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध वर्ष 2019 में हत्या, धमकी, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत तथा वर्ष 2024 में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एम.एच. नगर थाना में मामले दर्ज हैं। एसपी पूरन कुमार झा ने कहा कि जिले में फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। छापेमारी में एम.एच. नगर थानाध्यक्ष पुअनि राजीव कुमार पटेल, जिला आसूचना इकाई, सीवान तथा एसटीएफ की संयुक्त टीम थी।

## श्री अमरनाथ यात्रा मार्ग चंदनवाड़ी में पत्थर गिरने से मजदूर की मौत

**अनंतनाग :** रविवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग ज़िले में श्री अमरनाथ यात्रा मार्ग चंदनवाड़ी के पास ऊपर से गिरे पत्थर की चपेट में आने से 24 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि चंदनवाड़ी के पास पत्थर गिरने से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे तुरंत बेस हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शब्बीर अहमद शाह (24) के रूप में हुई है जो अनंतनाग के मट्टन इलाके के चीरवर्ड का रहने वाला था और मोहम्मद यासीन शाह का बेटा था। वह अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों की मदद के लिए मजदूर के तौर पर काम कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि बाद में शव को कानूनी और चिकित्सीय औपचारिकताओं के लिए पहलगाम हॉस्पिटल ले जाया गया। इस बीच पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## लगातार वर्षा से गंगरेल समेत चार बांधों में बढ़ा जलभराव

**धमतरी :** धमतरी जिले में लगातार हो रही मानसूनी वर्षा का असर अब महानदी परियोजना के प्रमुख जलाशयों में साफ दिखाई देने लगा है। गंगरेल (रविशंकर सागर), मुरूमसिल्ली, दूधावा और सोंढूर बांध में लगातार जल आवक होने से जलस्तर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इससे न केवल सिंचाई व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद बढ़ी है, बल्कि पेयजल आपूर्ति और जल संरक्षण के लिहाज से भी यह राहतभरी खबर मानी जा रही है। जल संसाधन विभाग द्वारा जारी ताजा प्रतिवेदन के अनुसार चारों जलाशयों में लगातार पानी पहुंच रहा है और यदि मानसून की यही रफ्तार बनी रही तो आने वाले दिनों में जलभराव और बेहतर स्थिति में पहुंच सकता है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जलाशयों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है ताकि आवश्यकता पड़ने पर समय रहते जल प्रबंधन संबंधी निर्णय लिए जा सकें। महानदी परियोजना के सबसे बड़े जलाशय रविशंकर सागर (गंगरेल) का पूर्ण जलभराव स्तर 347.75 मीटर निर्धारित है। वर्तमान में इसका जलस्तर 343.75 मीटर दर्ज किया गया है, जो लगातार बढ़ती जल आवक का संकेत है। जलाशय में लगभग 399.81 मिलियन घनमीटर, अर्थात करीब 74.68 प्रतिशत लाइव स्टोरेज उपलब्ध है। पिछले 24 घंटों के दौरान भी जलाशय में लगातार पानी पहुंचता रहा, जिससे इसके जलस्तर में और वृद्धि दर्ज की गई। यह स्थिति खरीफ फसलों की सिंचाई के साथ-साथ जिले की दीर्घकालीन पेयजल व्यवस्था के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मुरूमसिल्ली जलाशय में भी वर्षा का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। यहां वर्तमान जलस्तर 423.21 मीटर दर्ज किया गया है तथा लगभग 206.66 मिलियन घनमीटर, यानी 72.74 प्रतिशत लाइव स्टोरेज उपलब्ध है। लगातार हो रही बारिश के कारण इस जलाशय में भी जल आवक बनी हुई है, जिससे जल संग्रहण क्षमता लगातार बढ़ रही है। वहीं दुधावा जलाशय का जलस्तर 1388.48 मीटर रिकार्ड किया गया है, जहां लगभग 137.98 मिलियन घनमीटर जल संग्रहित है। इसी तरह सोंढूर जलाशय का वर्तमान जलस्तर 468.30 मीटर दर्ज किया गया है और इसमें लगभग 137.89 मिलियन घनमीटर पानी संग्रहित है। दोनों जलाशयों में भी लगातार पानी पहुंच रहा है, जिससे इनके जलभराव में निरंतर वृद्धि हो रही है। जल संसाधन विभाग का मानना है कि सक्रिय मानसून के चलते महानदी परियोजना के सभी प्रमुख और मध्यम जलाशयों में आने वाले दिनों में जलस्तर और बढ़ने की पूरी संभावना है। पर्याप्त जल संग्रहण होने से खरीफ सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने में सुविधा होगी, वहीं शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल आवश्यकताओं की पूर्ति भी सुचारु रूप से हो सकेगी।

## बारिश से पुश्ता ढहा, पांच मकान क्षतिग्रस्त, महिला घायल



एजेंसी

**देहरादून :** देहरादून में लगातार हो रही बारिश के बीच के पठरिया पीर क्षेत्र स्थित विजय कॉलोनी की नई बस्ती में देर रात एक पुश्ता ढह जाने से चार से पांच मकान क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में एक महिला घायल हो गई, जबकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे पुश्ता ढहने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंचीं। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने भी देर रात घटनास्थल का निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की।

मलबे में लोगों के दबे होने की सूचना पर तत्काल खोज एवं राहत अभियान चलाया गया। इस दौरान नई बस्ती निवासी विमला देवी (62) पत्नी स्वर्गीय बृजेश को हल्की चोटें आईं हैं। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत सामान्य बताई गई। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पुश्ते के समीप स्थित सभी मकानों को खाली कराकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। प्रभावित क्षेत्र में लोगों के प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई है।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को पुश्ते की तकनीकी जांच कराने, क्षेत्र की लगातार निगरानी रखने और आवश्यक सुरक्षा उपाय तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य संबंधित विभागों की टीमें मौके पर तैनात हैं तथा स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

### मप्रः इंदौर में 21 लाख पौधारोपण महाअभियान का आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे शुभारंभ

**भोपाल** : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर संचालित ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत इंदौर में पितृ पर्वत के आगे स्थित बीएसएफ परिसर, ग्राम बुडानिया में 21 लाख पौधों का रोपण एवं 51 हजार वर्षा जल संचयन यूनिट स्थापना के महाअभियान का शुभारंभ करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी महिपाल अजय ने बताया कि कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत आयोजित यह महाअभियान पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और जल संवर्धन को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर पौधारोपण के साथ 51 हजार वर्षा जल संचयन यूनिट स्थापित कर वर्षा जल के संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रहेगी। नागरिकों से इस महाअभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के संकल्प को मजबूत बनाने का आग्रह किया गया है।

## अमेरिकी दखल जारी रहा तो नहीं खुलेगा होर्मुज जलडमरूमध्य : आईआरजीसी नेवी

एजेंसी

**तेहरान :** इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) नेवी ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को ₹अगले आदेश तक₹ बंद कर दिया गया है। आईआरजीसी के अनुसार, यह फैसला क्षेत्र में विदेशी सैन्य गतिविधियों और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए लिया गया है। संगठन का कहना है कि जब तक अमेरिका क्षेत्र में अपना सैन्य हस्तक्षेप बंद नहीं करता, तब तक जलडमरूमध्य बंद रहेगा। ईरान की सरकारी समाचार सेवा प्रेसटीवी के मुताबिक रविवार को जारी बयान में आईआरजीसी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है और यह तब तक बंद रहेगा जब तक अमेरिका इस इलाके में अपना दखल बंद नहीं कर देता। किसी भी जहाज को इस जलडमरूमध्य से गुजरने की इजाजत नहीं होगी। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस स्थिति का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ किसी नए सैन्य अभियान के बहाने के रूप में किया गया, तो उसका ₹कड़ा जवाब₹ दिया जाएगा। आईआरजीसी ने यह भी कहा कि किसी भी संभावित टकराव की जिम्मेदारी अमेरिका, इजरायल और उन देशों




की होगी जो ईरान के खिलाफ सैन्य अभियानों के लिए अपने ठिकाने उपलब्ध कराते हैं। बयान के अनुसार, हाल ही में एक जहाज द्वारा ईरानी निर्देशों की अनदेखी किए जाने और उसके ऑनबोर्ड ट्रैकिंग सिस्टम बंद कर दिए जाने के बाद चेतावनी के तौर पर गोली चलाई गई थी। आईआरजीसी का दावा है कि इससे समुद्री सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हुआ। आईआरजीसी ने दोहराया कि उसने पहले भी चेतावनी दी थी कि होर्मुज जलडमरूमध्य में विदेशी हस्तक्षेप और शिपिंग मार्गों के ₹गैर-कानूनी निर्धारण₹ का जवाब निर्णायक कार्रवाई से दिया जाएगा। गौरतलब है कि, ईरान ने 28 फरवरी के बाद इस अहम रास्ते को बंद कर दिया था जब अमेरिका व इजरायल ने ईरान हमला किया था। इसके बाद ईरान ने सख़्ती शुरू की जब डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जहाजों और बंदरगाहों की गैर-कानूनी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखने का ऐलान किया, जबकि खुद अमेरिकी राष्ट्रपति ने 7 अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी। मई में, ईरान ने रणनीतिक जलडमरूमध्य से समुद्री ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए आधिकारिक तौर पर एक नया सिस्टम शुरू किया। ईरान ने जहाजों को चेतावनी दी कि वे ईरानी अधिकारियों के साथ अपने आने-जाने के प्लान का तालमेल बिठाने से इनकार न करें और तेहरान द्वारा तय किए गए सुपरवाइजरी मैनेजमेंट जोन के अलावा किसी दूसरे रास्ते का इस्तेमाल न करें। जून में, ईरान और अमेरिका के बीच बिना उकसावे के हुई आक्रामकता से पैदा हुए हालात को खत्म करने के लिए एक समझौता हुआ। इसके बाद वाशिंगटन ने नाकेबंदी हटाने का दावा किया, लेकिन जलमार्ग में सैन्य दखल जारी रखने की बात भी कही।

## मप्रः ग्वालियर में क्रिप्टो में निवेश का झांसा देकर चार्टर्ड एकाउंटेंट से 21.05 करोड़ की ठगी

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में साइबर ठगों ने अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देकर पूरे सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। चार्टर्ड अकाउंटेंट कथित तौर पर ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी का शिकार हुए। वित्तीय मामलों के जानकार शहर के 70 वर्षीय अनुभवी चार्टर्ड एकाउंटेंट व चेंबर आफ कामर्स के चुनाव अधिकारी अशोक विजयवर्गीय को ठगों ने बहुत ही आसानी से अपने जाल में ऐसा फंसाया कि वह अपनी जीवनभर की कमाई ही गंवा बैठे।

वाट्सएप वाइस काल पर अंजान युवती से दोस्ती के बाद इस महाठगी के खेल की शुरूआत हुई, जिसने चार्टर्ड एकाउंटेंट को बिटकाइन और यूएसडीटी में निवेश के नाम पर मोटी कमाई का झांसा दिया। क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर सीए को फंसाया गया और उनसे 218 दिन में 21 करोड़ पांच लाख 92 हजार रुपये ठग लिए। ठगों ने इतने अनुभवी चार्टर्ड एकाउंटेंट को एक दिसंबर 2025 से सात जुलाई तक 218 दिन अपने जाल में फंसाये रखा। इस दौरान महज एक या दो बार नहीं बल्कि 106 बार में चार्टर्ड एकाउंटेंट ने देश के अलग-अलग राज्यों के 25 बैंक खातों में यह रकम खुद ही ट्रांसफर की। ठगी का पता भी तब लगा, जब उन्होंने यह रकम निकालने का प्रयास



किया। फिर तो उनसे इनकम टैक्स और रिस्क मार्जन मनी के नाम पर और पैसा मांगा जाने लगा। उन्होंने अपने परिचितों को जब इस बारे में बताया तब उन्होंने इसे साइबर ठगी बताया। शनिवार को अशोक राज्य साइबर सेल पहुंचे, जहां उन्होंने शिकायत की। राज्य साइबर सेल ने एफआईआर दर्ज कर ली है। दो टीमें इस ठगी की पड़ताल में जुटी हैं। ग्वालियर पुलिस की साइबर क्राइम विंग भी राज्य साइबर सेल का सहयोग कर रही है। चार्टर्ड एकाउंटेंट विजयवर्गीय ने पुलिस को बताया कि उनके पास अचानक नवंबर के आखिरी सप्ताह में 8151931249 नंबर से वाट्स एप पर वाइस काल आया। फोन करने वाली युवती थी, उसने अपना नाम दिव्या सिंह बताया। उसने मुझसे बात शुरू कर दी। फिर उसने मुझसे कहा कि अगर मैं आनलाइन ट्रेडिंग में निवेश करूंगा तो मुझे बहुत मुनाफा होगा। फिर उसने दूसरे नंबर 7092164831 से काल किया। उसने मुझे लिंक भेजी। जिसमें यूएसडीटी-बीटीसी के जरिये निवेश के अलग-अलग आप्शन थे। मेरे पास 1(516) 7291 से काल आया। यह भी वाट्स एप पर ही काल आया था। उसने मुझसे निवेश की बात कही। मैंने निवेश किया तो मुझे मुनाफा दिखा। यह पैसा मेरे खाते में भी वापस आ गया। फिर अलग-अलग बैंक खातों से पैसा ट्रांसफर करता गया। उन्होंने बताया कि मैंने कुल 21 करोड़ पांच लाख 92 हजार रुपये निवेश कर दिए। यह मुझे 33.25 करोड़ दिख रहे थे। यानि मुनाफा करीब 12 करोड़ रुपये दिख रहा था। मैंने जब रुपये निकालने का प्रयास किया तो यह डिनाय हो गया। फिर दिव्या को काल किया तो बताया कि इसके बदले मुझे 10.84 करोड़ रुपये टैक्स देना होगा। मैंने इतना पैसा न होने की बात कही तो दिव्या ने मुझसे आधे पैसे जमा करने के लिए कहा। फिर मुझसे रिस्क मार्जन मनी व अन्य टैक्स बताकर एक करोड़ रुपये और मांगे गए। मुझे कुछ संदेह हुआ, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जीवनभर की कमाई लुट गई। पुलिस के अनुसार, ठगों ने इन्हें पूरे षड्यंत्र से फंसाया। विजयवर्गीय द्वारा 25 बैंक खातों में पैसा ट्रांसफर किया। पहली लेयर में 25 फिर 306 बैंक खातों में पैसा गया। इसमें फेडरल बैंक, यस बैंक, कोटेक महिंद्रा, सेंट्रल बैंक, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, एचडीएफसी बैंक सहित अन्य बैंक के खाते शामिल हैं।

विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रयागराज में 14 जुलाई को रोजगार मेला,

## 20 से अधिक कंपनियां करेंगी 3000 पदों पर भर्ती



एजेंसी

**प्रयागराज :** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में 14 जुलाई 2026 को मां गायत्री महाविद्यालय, मवैया, नैनी में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी रविवार को जिला समन्वयक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और लगभग 3000 रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में जूनियर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक तथा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षित 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अंकपत्र, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी जारी किए गए क्यूआर कोड के माध्यम से भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। जिला समन्वयक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन अशोक कुमार ने बताया कि विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आयोजित यह रोजगार मेला युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर 20 से अधिक कंपनियों की मौजूदगी से युवाओं को अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार पाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र अभ्यर्थियों से समय पर पंजीकरण कर रोजगार मेले में प्रतिभाग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण के साथ रोजगार से जोड़ना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और प्रदेश के आर्थिक विकास में अपनी भागीदारी निभा सकें। रोजगार मेले के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार मिलने की उम्मीद है।




## पांच लाख रूपये मूल्य का 20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद , तीन गिरफ्तार

**चतरा:** चतरा के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को गिद्धौर थाना पुलिस ने क्षेत्र के पेक्सा- गिद्धौर मुख्य सडक पर एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन तस्करों को 20 ग्राम अवैध शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया। सिमरिया अनुमंडल कार्यालय में आज आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहब ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति गिद्धौर से अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर हजारीबाग जिले के चौपारण की ओर जाने वाले है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम में अंचलाधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा एवं सदर थाना के पुनि विपिन कुमार तथा गिद्धौर के थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री शामिल थे। छापामारी टीम ने थाना क्षेत्र के पीराटांड, पेक्सा गिद्धौर मुख्य मार्ग के पास से तीन युवकों को अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि तीनों के पास से अलग अलग पैकेट में ब्राउन सुगर था। गिरफ्तार तस्करो में चौपारण थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव निवासी शुभम कुमार (19 वर्ष) पिता सुरेश प्रसाद केशरी और रौशन कुमार (22 वर्ष) पिता रंजीत साव तथा बिहार के गयाजी जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के मसौन्धा गांव का सुमित कुमार उम्र 20 वर्ष पिता रामोतार सिंह का नाम शामिल है। पुलिस ने छापामारी में तस्करों के पास से एक हीरो होंडा साइन मोटरसाइकिल और दो आईफोन भी बरामद किया है। इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड सं0-80/26 दिनांक 11.07.2026 धारा-17(बी)/21(बी)/22()/27(ए)/28/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया एवं गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कांड में अग्रीम अनुसंधान व छापेमारी की जा रही है।

## शहर के बच्चे कला में अव्वल



**चक्रधरपुर:** शहर के रोहित फाइन आर्ट्स अकेडमी के बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा दशकों से मानवाते आए हैं। वही दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा इशिता कुमारी ने मिक्स मीडिया की चित्रकारी कर लोगों को अपनी और आकर्षित किया। काफी समय से अपनी सहभागिता चित्रकला के प्रति रखते हुए इशिता ने विभिन्न तरह के कलाकारियों से लोगों को अपनी और आकर्षित किया है।

## द्विपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक



**फुसरो:** सीसीएल बीएंडके एरिया के करगली ऑफिसर्स क्लब में शनिवार को द्विपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक महाप्रबंधक संजय कुमार झा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सुरक्षित कोयला उत्पादन के साथ मजदूरों को कार्य में संसाधन उपलब्ध करवाने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। जीएम श्री झा ने कहा कि कोयला उत्पादन जितना जरूरी है, उससे ज्यादा जरूरी मजदूरों की सुरक्षा है। मजदूर सुरक्षित वातावरण में ही कोयला उत्पादन करें। उन्होंने कहा कि कोयला उत्पादन के लिए मजदूरों को जो भी संसाधन व सुविधा की जरूरत पड़ेगी, उसे प्रबंधन हर संभव मुहैया करायेगा। उन्होंने कहा कि सीसीएल मुख्यालय से मिले उत्पादन लक्ष्य को टीम वर्क के साथ प्राप्त करना है, जिसमें हर किसी के सहयोग की जरूरत है। कहा कि बीते वर्ष एरिया ने बेहतर उत्पादन करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है। मजदूर हर दिन को मार्च महीने का अंतिम दिन समझ कर कोयला उत्पादन करें तो एरिया समय से पूर्व लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन करेगी। जीएम श्री झा ने कहा कि काम के दौरान कोई भी मजदूर मोबाइल का उपयोग नहीं करें, छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बनता है।

**खदान में पर्याप्त लाइट नहीं, समय पर मिले सुरक्षा सामग्री :** ट्रेड यूनियन नेताओं ने प्रबंधन को परियोजना एवं मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि मजदूर दिन रात मेहनत कर उत्पादन को बढ़ाने का काम कर रहे हैं, लेकिन प्रबंधन मजदूरों को संसाधन उपलब्ध कराने में कटौती कर रहा है। कहा कि मजदूरों को समय पर सुरक्षा सामग्री उपलब्ध करायी जाये। खदान में पर्याप्त लाइट की व्यवस्था नहीं है। पेयजल, शौचालय की सुविधा मिले। कहा कि खदान में चलने वाले वाहनों का समय पर मेंटेनेंस किया जाये. हॉलरोड की नियमित साफ-सफाई हो। यूनियन नेताओं ने परियोजनाओं से आये दिन होने वाले कोयला चोरी पर रोक लगाने की भी मांग की। संचालन क्षेत्रीय सेफ्टी ऑफिसर भविष्य भारती एवं धन्यवाद ज्ञापन एलएंडआर के शंकर झा ने किया।

**कौन-कौन थे उपस्थित? :** मौके पर खासमहल पीओ सुमेधा नंदन, कारो पीओ सुधीर कुमार सिन्हा, बोकारो करगली पीओ पार्थो शंकर देव, एरिया सेल ऑफिसर भीएन पांडेय, एसओइएंडएम जयशंकर प्रसाद, एसओसी मनोज कुमार साह, एरिया सुरक्षा पदाधिकारी पीएन सिंह, एसओएक्स मनोज कुमार, एएमओ डॉ केपी साही, मैनेजर चिंतामणी मांझी, यूनियन नेता सुशील सिंह, मनोज पाठक, आभाष चंद्र गांगुली, विनय पाठक, डीपी मौर्य, राम निहोरा सिंह, सुरेश शर्मा व अन्य मौजूद थे।

## राज्य के 83.40 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचा इन्यूमरेशन फॉर्म, 5336 बूथों पर 100 प्रतिशत



**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर आगामी 14 जुलाई 2026 को बीएलओ- बीएलए 2 की द्वितीय संयुक्त बैठक और चुनाव पाठशाला का विशेष आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 की यह पूरी कवायद एक सहभागी प्रक्रिया है, जिसे शत-प्रतिशत त्रुटिहीन और सफल बनाने के लिए राज्य के प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक, मतदाता और सभी संबंधित स्टेकहोल्डर्स से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा है। कुमार ने कहा कि इस विशेष अभियान के तहत 14 जुलाई 2026 को दिन के 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं बीएलए 2 की बैठकों का संचालन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि इस चुनाव पाठशाला में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से प्रारूप एएसडीडी सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया जाए, ताकि इस सूची को सत्यापित किया जा सके। इसके साथ ही, बैठक के दौरान अनमैप्ड मतदाताओं के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र

# राज्य में तीन दिन मौसम रहेगा सक्रिय, कई जिलों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी

संवाददाता



**रांची :** बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र और उससे जुड़े साइक्लोनिक सर्कुलेशन का प्रभाव झारखंड में साफ दिखाई देने लगा है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में मौसम के सक्रिय रहने की संभावना जताई है। कई जिलों में भारी बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है, जबकि राजधानी रांची समेत कुछ क्षेत्रों में बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

आज रविवार, 12 जुलाई को जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में भारी बारिश के साथ वज्रपात की संभावना है। वहीं रांची सहित अन्य जिलों में दिनभर बादल छाए रह सकते हैं और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

**13 जुलाई: पूर्वी और दक्षिणी जिलों में भी तेज बारिश की संभावना :** सोमवार, 13 जुलाई को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में भारी वर्षा और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। राज्य के अन्य हिस्सों में मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

**14 जुलाई: कई और जिलों में अलर्ट :** मंगलवार, 14 जुलाई को चतरा, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में भारी बारिश के साथ वज्रपात हो सकता है। रांची समेत अन्य जिलों में भी बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की गई है।

**वज्रपात ने ली दो लोगों की जान :** शनिवार को गुमला जिले के बसिया अनुमंडल क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में सिसई थाना क्षेत्र के छारदा गांव निवासी 65 वर्षीय शिव व्रत गोप और बसिया थाना क्षेत्र के महाराजगंज गांव की 24 वर्षीय सुजीता कुमारी शामिल हैं। घटना के बाद प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

कई जिलों में हुई हल्की बारिश, तापमान में गिरावट: शनिवार को रांची और हजारीबाग में एक-एक मिलीमीटर, गुमला में 4.5 मिलीमीटर, लोहरदगा में दो मिलीमीटर तथा सिमडेगा में एक मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। रांची का अधिकतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि जमशेदपुर में 33.4, चाईबासा में 33.5, मेदिनीनगर में 32.5 और बोकारो में 32.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

**झारखंड में सामान्य से 36 प्रतिशत कम वर्षा :** मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार 1 जून से 11 जुलाई 2026 के बीच झारखंड में सामान्य से 36 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। राजधानी रांची में भी सामान्य 308.3 मिलीमीटर के मुकाबले अब तक 263.

6 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से 13 प्रतिशत कम है। वहीं मेदिनीनगर में 40 प्रतिशत और गढ़वा में 75 प्रतिशत तक वर्षा की कमी बनी हुई है।

### कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

## मंदिर परिसर और पर्वत मार्ग की साफ-सफाई पर विशेष जोर




- सड़क पर अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई
- दो बार नोटिस के बाद हटाई जाएगी दुकान : सीओ

संवाददाता

**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को मां कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सचिव सह हंटरगंज अंचल अधिकारी रितिक कुमार ने की। बैठक में मां कौलेश्वरी मंदिर के समग्र विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा पर्यटन विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा उनके क्रियान्वयन की स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने मंदिर परिसर, पर्वत मार्ग और तलहटी क्षेत्र में फैली गंदगी को गंभीर समस्या बताते हुए नियमित सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। इसके लिए अतिरिक्त सफाईकर्मियों की नियुक्ति करने का भी प्रस्ताव रखा गया। समिति ने मंदिर परिसर में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त धर्मशाला के निर्माण, बुद्धा पार्क को जोड़ने वाले मार्ग के विकास तथा पर्वत के ऊपर बनी पीसीसी सड़क की डीएमएफटी मद से मरम्मत कराने का प्रस्ताव भी रखा। साथ ही श्रद्धालुओं के ठहरने की बेहतर व्यवस्था के लिए धर्मशाला की मरम्मत कराने पर सहमति बनी।बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पर्वत क्षेत्र में पांच तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) लगाने, वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराने तथा मंदिर प्रबंधन से जुड़े पुजारियों एवं कर्मियों के लिए ड्रेस कोड लागू करने का भी प्रस्ताव रखा गया, ताकि उनकी स्पष्ट पहचान सुनिश्चित हो सके।इस दौरान अंचल अधिकारी रितिक कुमार ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि मंदिर आने वाले मार्ग एवं सड़क किनारे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या गंदगी फैलाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों को पहले दो बार नोटिस दिया जाएगा। इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन द्वारा दुकान हटाने की कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने यह भी बताया कि मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में शराबबंदी को प्रभावी बनाने के लिए उत्पाद विभाग और स्थानीय थाना को पत्र भेजा जाएगा, ताकि नियमित कार्रवाई कर विधि-व्यवस्था बनाए रखी जा सके और श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके।बैठक में अंचल नाजिर सुनील कुमार, बीपीएम संजय कुमार सिन्हा, प्रधान पुजारी मिथलेश मिश्रा, अमरेंद्र कुमार केशरी, कौशलेंद्र सिंह, कमल कुमार केशरी, चकला पंचायत की मुखिया दीपा भारती, नावाडीह पंचायत की मुखिया बसंती पन्ना, समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह, चैतु यादव, रामबाबू, असर्फी सिंह, दिलीप कुमार दास, नावाडीह पंचायत के मुखिया मदन चौधरी, सबिता पांडे सहित समिति के कई सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चार सौ छात्र-छात्राओं के बीच उपायुक्त ने किया साइकिलों का वितरण



विनय मिश्रा

**लोहरदगा:** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने शनिवार को नदिया स्थित मुख्यमंत्री जिला उत्कृष्ट हिन्दू उच्च विद्यालय में राज्य सरकार की साइकिल वितरण योजना के तहत 400 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया। यह योजना अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित की जा रही है, जिसके तहत कक्षा-8 के छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा अनुमोदन के उपरांत राज्य सरकार से प्राप्त साइकिलों का वितरण छात्र-छात्राओं के बीच किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना का सर्वाधिक लाभ उन विद्यार्थियों को मिलेगा, जो दूर-दराज क्षेत्रों से विद्यालय आने-जाने के लिए लंबी दूरी तय करते हैं। पूर्व में पैदल आवागमन में विद्यार्थियों का काफी समय व्यतीत हो जाता था तथा थकान के कारण उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती थी। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा साइकिल उपलब्ध कराए जाने से विद्यार्थियों का समय बचेगा तथा वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपनी शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि सरकार की ओर से छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना, निःशुल्क पोशाक एवं पाठ्यपुस्तकों जैसी कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति सरकार की संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं पूरी लगन और मेहनत के साथ अध्ययन करें तथा अपने जिला, राज्य एवं देश का नाम रोशन करें। जिला प्रशासन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सदैव उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पिता और बच्चों के रिश्ते को नई प्रस्तुति में दिखाया हीरो मोटोकॉर्प ने

**रांची:** हीरो मोटोकॉर्प ने अपने स्कूटर हीरो डेस्टिनी के लिए हीरो का स्कूटर, स्कूटर का हीरो शीर्षक से नया अभियान शुरू किया है। इसमें एक बच्ची की कल्पनाओं के माध्यम से पिता-पुत्री के रिश्ते और भारतीय परिवारों के भरोसे व अपनत्व को भावनात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। हीरो मोटोकॉर्प के मार्केटिंग प्रमुख आशीष मिधा ने कहा कि यह पहल रोजमर्रा के जीवन के अनकहे भावनात्मक पलों को सामने लाती है। वहीं ओमनीकॉम के चेयरमैन प्रसून जोशी ने कहा कि हर बच्चा अपने पिता को पहला सुपरहीरो मानता है और यही भावना इस कहानी की मूल प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन से जुड़े वास्तविक अनुभवों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करने वाली कहानियां लंबे समय तक लोगों के साथ जुड़ाव बनाए रखती हैं। अभियान की परिकल्पना मैक्कैन इंडिया ने की है। कंपनी के अनुसार हीरो डेस्टिनी को बेहतर माइलेज, मजबूत मेटल बॉडी, अधिक स्टोरेज और पारिवारिक उपयोग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि रोजमर्रा के सफर को अधिक सुविधाजनक और भरोसेमंद बनाया जा सके।

# तमिलनाडु में सड़क हादसे में हंटरगंज के प्रवासी मजदूर की मौत

### रोजी-रोटी कमाने गया था चेन्नई, ट्रक की चपेट में आने से गई जान

संवाददाता



**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत लेंजवा चिरैयाटांड़ गांव निवासी एक प्रवासी मजदूर की तमिलनाडु में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान हरियर भुईयां के 38 वर्षीय पुत्र विफन भुइयां के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। शुक्रवार शाम जैसे ही उनका शव पैतृक गांव पहुंचा, गांव में कोहराम मच गया, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।परिजनों के अनुसार विफन भुइयां करीब एक माह पूर्व अपने कुछ साथियों के साथ रोजी-रोटी की तलाश में तमिलनाडु के चेन्नई गए थे। वहां एक निर्माणाधीन परियोजना में मजदूरी का कार्य कर रहे थे। बताया जाता है कि काम खत्म करने के बाद वह सड़क किनारे बने एक शेड में सो रहे थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक वहां पहुंच गया और उसकी चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही पूरे लेंजवा चिरैयाटांड़ गांव में मातम छा गया। मृतक के माता-पिता बेसुध हैं, जबकि पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है । विफन अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके निधन से चार मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है और परिवार गहरे आर्थिक संकट में आ गया है।घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बेचन पासवान तथा लेंजवा पंचायत के मुखिया योगेंद्र यादव मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए पलायन एक अभिशाप बनता जा रहा है। रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में जाने वाले गरीब मजदूर लगातार दुर्घटनाओं और असमय मौत का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि मृतक के आश्रितों को शीघ्र उचित मुआवजा, सरकारी सहायता तथा चारों बच्चों की शिक्षा और भरण-पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।ग्रामीणों ने भी राज्य सरकार और जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।उनका कहना है कि यदि स्थानीय स्तर पर पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध होते तो मजदूरों को रोजी-रोटी के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ता। विफन भुइयां की मौत ने एक बार फिर प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा और पलायन की समस्या को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।